दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 16 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-323 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पहली बार एक भारतीय डाक्यूमेंट्री फिल्म को तथा फिल्म आरआरआर के गाने - नाटू नाटू को ऑस्कर पुरस्कार मिलना भारतीयों के लिए गर्व की बात है। भारत की इतनी बड़ी उपलब्धि पर राजनीति न हो ऐसा भला कैसे हो सकता है? राजनीतिज्ञों को तो बस राजनीति करने का बहाना मिलना चाहिए। नाटू नाटू की पैरोडी बनाकर लूटो लूटो का नया राग छेड़ा जा रहा है। नाटू नाटू को लेकर मीम बनाए जा रहे है। यदि किसी राष्ट्रीय उपलब्धि पर राजनीति करने के लिए भी कोई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्तार होता तो शर्तिया उस पर भारतीय नेताओं का सर्वाधिकार सुरक्षित माना जाता।

जनसंख्या

विश्व : 8,022,028,226

भारत: 1,417,448,771

बाजार

संसेक्स : 57555.90

निफ्टी: 16972.20

गोल्ड : 58,020 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 69,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	37.0	24.2
बिलासपुर	36.8	21.0
जगदलपुर	34.2	19.2
अंबिकापुर	33.0	17.2

आज का दिवस

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस: भारत सरकार प्रत्येक वर्ष 16 मार्च को 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' मनाती है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में टीकाकरण (वैक्सीनेशन) के प्रति जागरूकता फैलाना है। ऐसी कई बीमारियां हैं, जिनका टीकाकरण अगर सही समय पर नहीं किया जाता है, तो वो घातक बीमारी का रूप ले सकती हैं।

बीजेपी के घेराव पर सदन में जमकर हंगामा, पक्ष-विपक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा का बजट सत्र जारी है। बुधवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल बीजेपी बुधवार को विधानसभा का घेराव कर रही और विधायकों को रोके जाने की बात पर सदन में हंगामा हुआ। विधानसभा जाने के रास्ते पर पुलिस ने बैरीकेडिंग कर रखी है। रास्ता को डायवर्ट किया गया है। सदन में इसी बात को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं में बहस हो गई। विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों को विधानसभा आने से रोका जा रहा है। बसपा विधायक इंदु बंजारे और विधायक धर्मजीत सिंह ने भी पुलिस द्वारा रोके जाने की शिकायत की। गृहमंत्री ने कहा- किसी को भी नहीं रोका जा रहा है। इस बात पर बीजेपी विधायक रंजना साहू और कांग्रेस विधायक शकुंतला साहू के बीच तीखी बहस हो गई। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि, किसी विधायक को रोके जाने की बात नहीं है। हंगामा बढ़ता गया तो सीट से उठकर विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत ने ताम्रध्वज साहू से कहा कि अधिकारियों से कहिए कि विधायकों को न रोका जाए। किसी विधायक को विधानसभा आने से रोका नहीं जा सकता। सदन में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वालों अधूरे मकानों का मुद्दा सदन में गूंजा। भाजपा ने शून्यकाल के दौरान पीएम आवास के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग रखी। पूर्व नेता

प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, शिवरतन शर्मा, रजनीश सिंह, रंजना साहू, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने यह मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 2011 की सर्वे सूची के तहत मकानों का निर्माण होना है। राज्य सरकार ने अपने हिस्से की राशि नहीं दी, इसलिए मकान नहीं बन पा रहे हैं। विपक्ष की ओर से सदन की बाकी काम रोककर चर्चा कराने की मांग की गई। विपक्षी सदस्यों ने आसंदी से मांग की कि पीएम आवास के मुद्दे पर चर्चा की मांग को स्वीकार करें और चर्चा कराएं। इस दौरान सत्ता पक्ष की ओर से भी सदस्यों ने विपक्ष पर हमला बोला। विपक्षी सदस्यों की ओर से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सूपेबेड़ा को लेकर जमकर बवाल

गरियाबंद जिले के सूपेबेड़ा पर विपक्ष के नेताओं ने कहा साफ पानी नहीं दे पा रही है सरकार इसलिए लोगों की मौत हुई है। इस पर मंत्री रुद्र गुरु ने कहा कि, पानी की वजह से किसी की मौत नहीं हुई है। ये सुनकर अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, धरमलाल कौशिक ने हंगामा कर दिया। विपक्षी नेताओं ने कहा कि अब तक सरकार सूपेबेड़ा के लोगों की मदद नहीं कर पाई। इस हंगामे के बीच ही विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत ने विधानसभा के प्रश्नकाल समाप्ती की घोषणा कर दी।

अनुकंपा नियुक्ति का मामला भी गूंजा

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रदेश में कोविड काल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं दिए जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया। इस पर शिक्षा मंत्री प्रेम साय सिंह बोले, यह सही है, कुछ परिजन अनुकंपा नियुक्ति की मांग पर आंदोलनरत है, पर यह सही नहीं की अधिकारी कर्मचारी अपने रिश्तेदारों को अनुकंपा नियुक्ति दे रहे। सरकार के समक्ष जो भी शिकायत आई है उनका समाधान किया गया है।

विस घेरने पहुंचे भाजपाई, बैरिकेड्स तोड़े

जवानों से भिड़े, पुलिस ने फोड़े स्मोक बम

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम आवास को लेकर बुधवार को बीजेपी विधानसभा का घेराव करने पहुंची।

हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पूरे प्रदेश से पहुंचे थे। पहले बीजेपी नेताओं की सभा हुई। जहां प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सीएम डॉ. रमन समेत तमाम बड़े नेताओं ने सभा को संबोधित करते प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। सभा के बाद कार्यकर्ता विधानसभा घेरने निकल गए। इसके बाद पुलिस से उनकी झूमाझटकी। वहीं बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर केनन चलाई, भीड़ के सामने स्मोक बम फेंके। उधर, पुलिस ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव समेत 500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। सभी को बस में बिठाकर पुलिस ले गई। देर शाम उन्हें रिहा कर दिया। कार्यकर्ताओं की भीड़ विधानसभा परिसर के नजदीक (जीरो प्वाइंट) तक पहुंच थी।। विधानसभा जाने वाले रास्ते में जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात थी। कोशिश थी कि किसी भी तरह से कार्यकर्ताओं को रोका जाए। मगर कार्यकर्ताओं की भीड़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य में भ्रष्टाचार फैला है, अफसर जेल जा रहे

पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा- ईडी व आईटी के छापे में इनके अधिकारी जेल जा रहे, राज्य में भ्रष्टाचार फैला है। अपने संबोधन में डा रमन ने कहा कि यदि आवास नहीं दोगे तो हम सरकार बदलकर 16 लाख आवास बना देंगे। 4 किलोमीटर तक कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर दी है। हम लोग सरकार को चेतावनी देने के लिए आए हैं। बताने आए हैं कि आवास की जो योजना है। ये आवास गरीब जनता का है।16 लाख आवास देना पड़ेगा। मंत्री टीएस सिंहदेव ने क्यों इस्तीफा दे दिया। कोयले की दलाली में सबके चेहरे काले पड़ गए हैं।

माथुर बोले- सरकार बदलनी है

सभा को संबोधित करते हुए छग प्रभारी ओम माथुर ने कहा- इस बार यहां सरकार बदलनी है। नवंबर तक ये आंदोलन हमको करना है। आज मुझे और रमन सिंह को भी लगभग एक घंटे जाम में फंसे रहना पड़ा। सड़क पर भी ऐसी ही भीड़ दिखनी चाहिए। इस आंदोलन का नाम मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन है। सबसे पहले आवासहीन हितग्राहियों के पैर पखारकर आंदोलन में उनका स्वागत किया गया था। उसके बाद यह आंदोलन शुरू हुआ है।

साव बोले-भीख नहीं अधिकार चाहिए

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा-भीख नहीं अधिकार चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का जो मुख्यमंत्री बनेगा, वह पहले प्रधानमंत्री आवास के लिए हस्ताक्षर करेगा। फिर मुख्यमंत्री निवास जाएगा। साव ने कहा-कांग्रेस ने कभी गांव गरीबों की चिंता नहीं की। याद कर लो गांव का तरक्की का कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार खाली चोचलेबाजी करती है

इसके पहले नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा था-सरकार खाली चोचलेबाजी करती है। यहां सरकार नहीं सर्कस चल रही। एक से एक आइटम हैं। कवासी लखमा से लेकर...यहां काम नहीं कर रहा कोई। छत्तीसगढ़ के लिए कोई काम नहीं हो रहा। कोई भी बात करो तो कहते हैं नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी। सभा के बाद भाजपा के नेता विधानसभा घेरने निकलेंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी के प्रदर्शन पर मरकाम का पलटवार

वहीं बीजेपी के आंदोलन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने निशाना साधा है। मरकाम ने कहा- भाजपा के आंदोलन को जनता ने नकारा दिया। 1 लाख का दावा किया था बमुश्किल दस हजार भी नहीं जुटे। भाजपा का झूठ जुमलो से भरा घड़ा फूट गया। विधानसभा घेराव में पीएम आवास के हितग्राही नहीं बल्कि भाजपा ग्राही ही नजर आए। प्रधानमंत्री आवास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

काम करके ईंट भट्ठे के ऊपर सो गए, दम घुटने से पांच की मौत

■ एक की हालत गंभीर, सीएम भूपेश ने जताया दुख

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद के गढ़फुलझर में मंगलवार रात ईंट भट्ठे के धुएं से 5 मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है, उसका इलाज बसना सामुदायिक केंद्र में चल रहा है। घटना बसना थाना क्षेत्र की है। इस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता देना और गंभीर रूप से बीमार

एक श्रमिक को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, कुंज बिहारी पांडे का ईंट भट्ठा है। कुंज बिहारी माटीकला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष चंदशेखर पांडे के छोटे भाई हैं। उन्होंने श्रमिकों से ईंट बनवाकर उसे पकाने के लिए ठेका दिया हुआ था। यहां ■ शेष पृष्ठ 6 पर

60 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 8 साल के लोकेश की नहीं बच सकी जान

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के विदिशा में 60 फीट गहरे बोरवेल में गिरे बच्चे लोकेश की मौत हो गई. लोकेश मंगलवार को बोरवेल में गिर गया था. बुधवार को करीब 24 घंटे बाद उसे निकाला गया. इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. लोकेश के रेस्क्यू में एसडीआरएफ की 3 और एनडीआरएफ की 1 टीम जुटी थी. बच्चे को ऑक्सीजन भी सप्लाई की गई थी. लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी. घटना लटेरी तहसील के आनंदपुर गांव की है. जानकारी के मुताबिक, गांव के

खेरखेड़ी पठार के पास एक खेत बोरवेल खुला पड़ा था. जिसमें आठ साल का लोकेश गिर गया. लोकेश अपने माता पिता के साथ खेत में गया था और खेल रहा था और खेलते खेलते बोरवेल में गिर गया था. इसके बाद मजदूरों ने पुलिस को सूचना दी. सूचना के बाद एसडीएम हर्षिल चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया और बचाव का काम शुरू किया. स्थानीय लोगों ने बाताया कि जिस जगह बोरवेल हैं वहां पर धनिया की खेती की गई है इसकी वजह से दिखाई नहीं दिया और लोकेश उसमें गिर गया. इसके बाद एनडीआरएफ की 1 और एसडीआरएफ की 3 टीमों ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान का जिम्मा संभाला. बच्चा 43 फीट गहराई में फंसा था. विदिशा एएसपी समीर यादव ने बताया, बोरवेल के पास 49 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था. इस दौरान बच्चे के मूवमेंट को नोटिस किया गया. उसे ऑक्सीजन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री अकबर की माताजी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए सीएम भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को राजधानी रायपुर के मौदहापारा में वन मंत्री मोहम्मद अकबर के निवास पहुंचकर उनकी माता जी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने माताजी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और जनाजे को कांधा दिया। मुख्यमंत्री ने अकबर एवं उनके परिवारजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से माताजी की आत्मा की शांति और परिवारजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। बता दें कि मंगलवार को मौदहपारा

निवासी स्व. मोहम्मद रशीद की पत्नी फैमुननिशा 90 वर्ष की थीं। हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ। वे स्व. मोहम्मद अख्तर, स्व. मोहम्मद सरवर, छत्तीसगढ़ के वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर और मोहम्मद असगर की मां थीं।

ठाकरे को एक और झटका शिंदे गुट में शामिल हुए सावंत

मुंबई। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को एक और बड़ा झटका लगा है। ठाकरे गुट के नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दीपक सांवत अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल हो गए हैं। बुधवार की शाम वे शिंदे के पास पहुंचे और शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की । दरअसल, एक के बाद एक उद्धव ठाकरे के गुट के नेता और विधायक शिंदे गुट में शामिल हो रहे हैं जिससे ठाकरे गुट महाराष्ट्र में कमजोर होता दिख रहा है। राजनीतिक विश्लेषक की मानें तो शिंदे गुट को इसका फायदा अगामी चुनावों में मिल सकता है। शिवसेना का नाम और सिंबल छिन जाने के बाद से ही उद्धव ठाकरे के लिए बुरी खबरें आने का सिलसिला जारी है। सोमवार को ही उद्धव के बेहद करीबी नेता सुभाष देसाई के बेटे भूषण ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थाम लिया था। शिवसेना में शामिल होने के बाद भूषण देसाई ने कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू परिवार को कोर्ट से जमानत

पटना। जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में दिल्ली कोर्ट ने पूर्व रेलवे मंत्री लालू प्रसाद यादव, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी बेटी-राजद सांसद मीसा भारती और अन्य आरोपियों को जमानत दे दी. कोर्ट ने कहा कि सीबीआई ने गिरफ्तारी के बिना चार्जशीट दायर की है. राउज एवेन्यू कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी. बता दें

सीबीआई ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्रियों लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, उनकी बेटी मीसा भारती और 13 अन्य के खिलाफ पिछले साल अक्टूबर में चार्जशीट दाखिल की थी. यह मामला लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान उनके परिवार को तोहफे में जमीन दे कर या जमीन बेचने के बदले में रेलवे में कथित तौर पर 'ग्रुप-डी' की नौकरी दिए जाने से संबंधित है. प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों को मुंबई, जबलपुर, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

लोकसभा

अडाणी मामले में विपक्ष के 16 दलों का पैदल मार्च, ईडी ऑफिस के लिए निकले, पुलिस ने पहले ही रोका

संसद में संग्राम : विपक्ष जेपीसी की और भाजपा- राहुल से माफी की मांग पर अड़ी रही

नई दिल्ली। संसद सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भारी हंगामे के बाद लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता जहां अडाणी मामले की जांच के लिए जेपीसी की मांग पर अड़े रहे, वहीं भाजपा के सांसद लंदन में दिए गए बयान को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग पर डटे रहे। इधर, सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर विपक्ष के 16 नेताओं ने बैठक की। आज ही राहुल गांधी विदेश से लौटे और एक बार फिर अडाणी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इधर, सत्र स्थगित होते ही विपक्ष के नेता ईडी ऑफिस पर प्रदर्शन के लिए निकले हालांकि पुलिस ने उन्हें पहले ही रोक लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बातचीत में

कहा, 'सरकार ने 200 सांसदों को रोकने के लिए 2 हजार पुलिसकर्मियों को लगाया है। वे बात लोकतंत्र की करते हैं, लेकिन हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भी रोका जा रहा है। हम तो सिर्फ ईडी के ऑफिस जाकर अडाणी मामले की डिटेल इन्वेस्टिगेशन के लिए शिकायती चिट्ठी देना चाहते थे। हमें रोकना कौन सा लोकतंत्र है।'

विपक्षी नेताओं ने की बैठक

सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले यानी सुबह साढ़े 10 बजे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के पार्लियामेंट चैंबर में विपक्ष के 16 दलों के नेताओं ने बैठक की। इसमें हिंडनबर्ग-अडाणी रिपोर्ट की जांच के लिए जेपीसी की मांग को लेकर सरकार पर और दबाव बनाने पर सहमति बनी। सभी दलों ने एक सुर में अडाणी मामले में सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। इसके अलावा बैठक में यह भी तय हुआ अडाणी मामले की जांच को लेकर एक चिट्ठी लिखी जाएगी, जिस पर सभी विपक्षी सांसदों के दस्तखत होंगे। इसे श्वष्ठ को सौंपा जाएगा और जांच की मांग की जाएगी। इसके लिए संसद से लेकर ईडी ऑफिस तक पैदल मार्च किया जाएगा।

राहुल और अडाणी मुद्दे को लेकर जमकर टकराव

इससे पहले संसद सत्र के तीसरे दिन भी भाजपा और कांग्रेस के बीच राहुल और अडाणी मुद्दे को लेकर जमकर टकराव हुआ। भाजपा ने जहां एक बार फिर लंदन में राहुल गांधी के दिए बयान को लेकर उनसे सदन में माफी की मांग की। वहीं कांग्रेस और विपक्षी दलों ने अडाणी-हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जेपीसी से जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। आखिरकार हंगामे की वजह से दोनों सदन दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र स्थगित होते ही सभी मार्च के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें ईडी ऑफिस से ढाई किलोमीटर दूर विजय चौक पर ही रोक लिया। सांसद ईडी ऑफिस नहीं जा सके। करीब 25 मिनट तक विजय चौक पर ही प्रदर्शन करने के बाद सभी नेता संसद की ओर लौट गए।

संपादकीय

हंगामों की भेंट चढ़ता सत्र

संसद का बजट सत्र जो फिर से शुरू हुआ है वह भी बजट सत्र के पहले भाग की तरह ही हंगामों की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। बजट सत्र के इस दूसरे भाग का तीन दिन हंगामों की वजह से बिना कामकाज के बीता है। इस बजट सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों को कानूनी शक्ल देना बाकी है। यही नही बल्कि बजट प्रस्तावों पर गंभीर विचार विमर्श भी होना है लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों अपनी जिद पर अड़े हुए है। नतीजतन संसद के इस महत्वपूर्ण सत्र में विधि विधाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विपक्षी दलों ने विरोधी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के विरोध और अडानी मुद्दे को लेकर ईडी दफ्तर तक मार्च करने का ऐलान किया है. 18 विरोधी दलों के नेताओं की संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया. इसे लेकर दिल्ली पुलिस ने ईडी दफ्तर के बाहर और विजय चौक पर सुरक्षा बढ़ा दी है. उद्धव ठाकरे गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने इस मार्च को जरूरी बताते हुए कहा है कि हमारे जैसे जो लोग सवाल करते हैं, बीजेपी की सरकार उनको निशाना बना रही है. राहुल गांधी विदेश दौरे से स्वदेश लौट आए हैं. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी आज संसद की कार्यवाही में भी शामिल हो सकते हैं. गौरतलब है कि राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर देश में हंगामा मचा है. राहुल गांधी के माफी मांगने की मांग करते हुए बीजेपी के सांसद संसद में आक्रामक हैं और लगातार कांग्रेस पार्टी को घेर रहे हैं. संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने बुधवार को टीएमसी के सांसदों ने प्रदर्शन किया. टीएमसी सांसदों ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया. लोकसभा में हंगामे के कारण कार्यवाही 5 मिनट ही चल पाई. हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई. इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी सदस्यों से अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया और कहा कि तख्तियां लहराने और नारेबाजी करने का अधिकार आपको संसद के बाहर है. संसद में ये परंपरा ठीक नहीं है. उन्होंने सदस्यों को ये नसीहत भी दी कि सदन को लेकर बाहर कुछ भी बोलना ठीक नहीं. बाहर टिप्पणी करने से बचें. लोकसभा में पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के लंदन वाले बयान का जिक्र किया और कहा कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. पिछले दो दिनों से भाजपा राहुल गांधी के कैंब्रिज में दिए बयान पर माफी की मांग कर रही है। जिस पर मंगलवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि राहुल ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में ऐसा कुछ नहीं कहा जिसके लिए माफी की जरूरत हो। प्रधानमंत्री ने विदेशों में राहुल से कहीं ज्यादा बढ़कर बयान दिए हैं। विदेशों में इस तरह की चर्चाओं की शुरुआत भाजपा ने की है, कांग्रेस ने नहीं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार संसद नहीं चलाना चाहती। क्या कभी ऐसा देखा गया है कि सत्ताधारी दल के सभी सदस्य संसद को रोकने के लिए हंगामा करते हों? उन्हें (केंद्र को) माफी मांगनी चाहिए।

पत्रकारिता के एक भीष्म 'युग पितामह' का देहावसान!

राजीव खंडेलवाल

पत्रकार जगत के 'धूमकेतु' डॉक्टर वेद प्रताप वैदिक का अचानक हृदयाघात से स्वर्गवास हो जाने से प्रिंट मीडिया में गहरे अवसाद के साथ में एक बड़ा शून्य और रिक्तता उनके बड़े व्यक्तित्व के न रहने के कारण आ गई है, जो स्वाभाविक ही है, जिसकी परिपूर्ति उसी तरह की होना शायद संभव नहीं हो पाएगी। फसरल, गंभीर शब्दों और कठोर तर्कों के धनी डॉ. वेद प्रताप वैदिक की गणना उन राष्ट्रीय अग्रदूतों में होती है, जिन्होंने हिंदी को मौलिक चिंतन की भाषा बनाया और भारतीय भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिये सतत् संघर्ष और त्याग किया। हा, अनतिक्रमणीयो हि विधिः मतलब डॉ वेद प्रताप वैदिक इस संसार से देह छोड़कर ईश्वर के पास अवसान (देह-अवसान) के लिए चले जाने के बावजूद विश्व पटल पर अपने लिखे गए लेखों के माध्यम से पाठक जन-जन में हमेशा अपनी उपस्थिति का एहसास कराते रहेंगे।

प्रायः दो-चार दिनों की आड़ में अपनी कलम से दो-चार होकर देसी कलम से विदेशी जानकारी, खासकर भारत के पड़ोसी देशों के साथ राजनयिक संबंधों के संबंध में उनकी विचारोत्तेजक टिप्पणियां देश के शासकों के लिए हमेशा एक चुनौतीपूर्ण रास्ता दिखाने वाली होती थी। इसी कारण से वे लंबे समय से भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष चले आ रहे थे। कदापि इसका मतलब यह नहीं है कि वे देश की आंतरिक स्थिति पर नजर रखे हुए नहीं थे। बल्कि देश में पल-पल पर घटित हो रही घटनाओं पर एक सजग प्रहरी की भांति प्रायःअपनी तीक्ष्ण, तीव्र नजर से देखकर भेद कर अपनी पैनी कलम से राष्ट्रहित जनहित में लिखकर शासकों को हमेशा सजग रहने के लिए समालोचक उत्प्रेरक का कार्य करते रहे।

ऐसा भी नहीं है की विवादित विषयों से उनका कभी भी नाता-पाला ही न पड़ा हो या सामना न हुआ हो। उदाहरणार्थ देश का दुश्मन नंबर एक खूंखार पाकिस्तानी आतंकी हाफिज सईद से उनकी मुलाकात व इंटरव्यू (साक्षात्कार) बड़ा विवाद का कारण बना। यद्यपि जैसी कि उक्ति है कि अप्रियस्य च अपथ्यस्य श्रोता वक्ता च दुर्लभः, तथापि यह उनके व्यक्तित्व का ही अद्भुत विलक्षण प्रभाव था कि उन विवादित विषयों पर भी उनके आशय को दुराशय ठहराने का दुस्साहस/ साहस कोई आलोचक नहीं कर पाया। मतलब पत्रकारिता को पूर्ण रूप से जीने वाले जीवट व्यक्ति का हमारे बीच से चला जाना अपूरणीय क्षति है। कबीर के शब्दों में

दास कबीर जतन से ओढ़ी, ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया

मेरे लिए तो व्यक्तिगत रूप से यह ब्रजाघात समान ही एक बहुत बड़ी क्षति है। मुझे उनके साथ बीते हुए वे पल आज लेख लिखते हुए याद आ जाते हैं, जब वर्तमान द सूत्र के सूत्रधार मूलतः बैतूल के वरिष्ठ पत्रकार मेरे छोटे भाई आनंद पांडे के माध्यम से मेरे प्रकाशित लेखों के संकलन की किताब कुछ सवाल जो देश पूछ रहा है आज के लोकार्पण कार्यक्रम में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री व मुझे हमेशा से आशीर्वाद देने वाली दीदी सुश्री उमा भारती जी के साथ वे बेतूल आए थे। जब मैंने उन्हें बताया कि दीदी कार्यक्रम में आ रही है, तब वे बोले-अच्छा! उमा आ रही है। इससे उनकी बेहद सुगमता, सरलता, सहजता और अधिकार पूर्ण आत्मीय संबंध प्रकट होते हैं, जो मैंने उनके बैतूल प्रवास के दौरान उनके साथ गुजारे एक दिन के समय में महसूस किए थे। लोकार्पण कार्यक्रम में उन्होंने गागर में सागर भरते हुए जो उदगार व्यक्त किए थे, वे दिलो-दिमाग में आज भी उतने ही ताजे है। व्यक्तिगत चर्चा में उन्होंने मुझसे कहा था कि राजीव जब मैं बैतूल आ रहा था, तो ट्रेन में आपकी किताब को पढ़ रहा था। उसमें कुछ विषय व उनके विस्तार ऐसे थे जो मेरी भी सोच से आगे होकर थे, जिसकी मुझे बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी की बैतूल में भी कोई इस तरह से घटनाओं पर त्वरित

नमन श्रद्धांजलि व कुछ मधुर लम्हे!

टिप्पणी लिख सकता है। उनके द्वारा कथनों के रूप में दिया गया यह सम्मान मेरी जीवन की अनमोल धरोहर है। बहुत समय के बाद हाल में ही कुछ दिनों पूर्व जब फोन पर बातचीत हुई थी, तब उन्हें बैतूल की उस विमोचन कार्यक्रम की पुनः याद आई और मुझसे उन्होंने पूछा कि वे पांडे जी कैसे हैं, जो कार्यक्रम के बाद मुझे अपने घर ले गए और शाल श्रीफल से सम्मानित किए थे। तब मैंने उनकी आनंद पांडे से बात भी कराई थी। उनका यह निष्कपट, निशंक अपनापन व अपनत्व ही उनकी जीवन की धरोहर थी।

इंदौर में जन्मे मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाते हुए देश के हृदय स्थल मध्य प्रदेश से गुड़गांव रहने चले गए थे। परंतु उनका हृदय (दिल) इंदौरी ही होकर घूमता रहता था। हिंदी प्रदेश से होने के कारण राष्ट्रभाषा हिंदी को उसका उचित स्थान और सम्मान दिलाने के लिए जो अविरत, अथक और सार्थक प्रयास उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अंतरराष्ट्रीय पटल पर किए हैं, वह शायद ही किसी अन्य हिंदी के पत्रकार ने उतने किए होंगे। तथापि वे अंग्रेजी, रूसी, फारसी, जर्मन और संस्कृत भाषा के भी प्रकांड जानकार थे। राष्ट्रभाषा हिंदी व भारतीय भाषाओं के उत्थान के लिए यदि डॉ वेद प्रताप वैदिक को सर्वकालीन सामयिक सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर कहा जाए तो बिल्कुल भी अनुचित नहीं होगा। अभी हाल में ही फरवरी 2023 में फिजी में संपन्न हुए विश्व हिंदी सम्मेलन के बाद आए लेख में हिंदी भाषा की स्थिति को लेकर उनके विचार बड़े विचारोत्तेजक थे। उनका यह मानना था कि हमारे देश में हिंदी भाषा को जो स्थान मिलना चाहिए था, वह अभी भी नहीं मिल पाया है। इसके लिए वे सिर्फ शासक-शासन-प्रशासन को ही नहीं वरन नागरिकों को भी जागृत करते रहते थे। दरबार से दूर, चौकसी से दूर डॉ. वैदिक अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों सम्मानो से न केवल विभूषित हुए, बल्कि अपने 60 वर्ष के लेखन जीवन में उन्होंने हजारों लेख, भाषण लिखे, दिए और विभिन्न पदों पर काम करते रहे। प्रथम हिंदी समाचार एजेंसी भाषा के संस्थापक संपादक रहे। हिंदी के अघोर प्रेमी होने के बावजूद अंग्रेजी भाषा में भी उनकी एक पुस्तक का प्रकाशन होना उनके उदार व बहुयामी व्यक्तित्व को ही झलकाता है ।

डॉक्टर वैदिक की अनेकोनेक उपलब्धियों के बावजूद भी एक दो बातें मन को अवश्य कचोटती हैं। प्रथम उन्हें पद्म पुरस्कारों से नवाजा न जाना और दूसरा राज्यसभा के लिए नामांकित सदस्य के रूप में नियुक्ति न करना। विज्ञान, कला, साहित्य क्षेत्रों व समाज सेवा में विशिष्ट रूप से सेवा कार्य करने वाले 12 व्यक्तियों को प्रत्येक राज्यसभा की 6 वर्ष की अवधि के लिए केंद्रीय सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा नामांकन का प्रावधान संविधान सभा ने इसीलिए ही किया था कि ऐसे व्यक्ति जो राजनीतिक न होकर संसद में चुनकर नहीं जा पाते हैं की उल्लेखित क्षेत्र में की गई सेवाओं अनुभव और ज्ञान का लाभ संसद के प्रभावशाली माध्यम से राष्ट्र को मिल सके। शायद इसीलिए राज्यसभा में सर्वप्रथम 12 नामांकित किए गए व्यक्तियों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और हिंदी भाषा की बड़ी सेवा करने के कारण ही प्रसिद्ध गांधीवादी लेखक चिंतक दत्तात्रेय बालकृष्ण उर्फ काका साहेब कालेलकर शामिल किए गए थे। हिंदी भाषा की जो सेवा वैदिक जी ने की, निश्चित रूप से संविधान द्वारा प्राविधित उन 12 सीटों में से एक के नामांकन के वे हकदार अधिकारी अवश्य थे। पद्म भूषण भले ही उन्हें न मिला हो लेकिन साहित्य भूषण पुरस्कार से अवश्य सम्मानित हुए। पद्म पुरस्कारों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त देखें तो उससे भी स्पष्ट रूप से यही सिद्ध होता है कि दोनों स्थितियो में डॉक्टर वैदिक पुरस्कृत और नामांकित नहीं किया गए, तो उसका एक कारण शायद वैदिक जी का स्वयं को सरकार की अनुकूलता की उस सीमा तक ढाल न पाना हो सकता है, जिसकी आवश्यकता ऐसे नामांकन के लिए आजकल शायद जरूरी हो गई है। वस्तुतः ठकुर सुहाती उनका स्वभाव-गत लक्षण ही नहीं था ।

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष हैं।)

आज का पंचांग (गुरुवार 16 मार्च)

सूर्योदयः 06:39, सूर्यास्तः 06:21
चन्द्रोदयः 20:04, चन्द्रास्तः 07:36

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः बसंत, शक सम्वतः 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वतः 2079 (नल), मासः चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : नवमी, नक्षत्र : मूल/पूर्वासाढा, योगः गण्ड (21:08 से वृद्धि), प्रथम करणः तैतिल (08:21 तक), द्वितीय करणः गर (20:54 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : कन्या, मंगल :वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध :कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:04 से 12:51, अमृत काल 23:33 से 25:15, विजय मुहूर्त 14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त 18:18 से 18:43, सायाह्न सन्ध्या 18:21 से 19:34, निशिता मुहूर्त 24:03 से 24:51, राहुकाल 13:56 से 15:24, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 06:34 से 08:03, होमाहुति मंगल, दिशाशूल दक्षिण, अग्निवास पृथ्वी, चन्द्रवास दक्षिण, शिववास सभा में (20:54 से क्रीड़ा में)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - शुभ 2 - रोग 3 - उद्वेग 4 - चर 5 - लाभ 6 - अमृत 7 - काल 8 - शुभ
॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - अमृत 2 - चर, 3 - रोग 4 - काल, 5 - लाभ 6 - उद्वेग, 7 - शुभ 8 - अमृत

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः दक्षिण-पूर्व (दही का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष- उपनयन संस्कार+देवप्रतिष्ठा मुहूर्त प्रातः 11:09 से दोपहर 12:38 तक, चूड़ाकर्म संस्कार+गृहप्रवेश+ वाहन क्रय-विक्रय मुहूर्त प्रातः 11:09 से दिन 03:34 तक, नींव खुदाई एवं गृहारम्भ मुहूर्त प्रातः 11:09 से दोपहर 12:38 तक, विद्या एवं अक्षर आरम्भ मुहूर्त प्रातः 09:47 से 10:13 तक आदि।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम पूर्वासाढ़ा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (भू, फा, धा, फा) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:28 से 06:54, मीन - 06:54 से 08:17, मेष - 08:17 से 09:51, वृषभ - 09:51 से 11:46, मिथुन - 11:46 से 14:01, कर्क - 14:01 से 16:23, सिंह - 16:23 से 18:41, कन्या - 18:41 से 20:59, तुला - 20:59 से 23:20, वृश्चिक - 23:20 से 25:39, धनु - 25:39 से 27:43, मकर - 27:43 से 29:24

पञ्चक रहित मुहूर्त

मृत्यु पञ्चक - 06:34 से 06:54, अग्नि पञ्चक - 06:54 से 08:17, शुभ मुहूर्त - 08:17 से 09:51, मृत्यु पञ्चक - 09:51 से 11:46, अग्नि पञ्चक - 11:46 से 14:01, शुभ मुहूर्त - 14:01 से 16:23, रज पञ्चक - 16:23 से 18:41, शुभ मुहूर्त - 18:41 से 20:54, चोर पञ्चक - 20:54 से 20:59, शुभ मुहूर्त - 20:59 से 23:20, रोग पञ्चक - 23:20 से 25:39, शुभ मुहूर्त - 25:39 से 27:43, मृत्यु पञ्चक - 27:43 से 29:24 अग्नि पञ्चक - 29:24 से 29:57, शुभ मुहूर्त - 29:57 से 30:33

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आपके लिये आज का दिन कष्ट वाला रहेगा। घरेलु कलह के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी।

वृष : आज के दिन परिस्थितियों में थोड़ा सुधार रहेगा। नौकरी व्यवसाय सम्बंधित कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे।

मिथुन : आज के दिन आपकी राशि से चतुर्थ चंद्र सम्बन्धो अथवा आर्थिक मामलो में अवश्य हानि कराएगा। प्रत्येक कार्यो को।करने से पहके भली भांति जांच परख लें।

कर्क : आज के दिन आप अधिक व्यस्त रहेंगे व्यवसाय एवं घर के कार्य एक साथ आने से थोड़ी परेशानी रहेगी फिर भी तालमेल बैठा लेंगे।

सिंह : आज के दिन आप आत्मनिर्भर होकर कोई भी कार्य नहीं कर पाएंगे अधिकांश कार्यो में किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी।

कन्या : आपका आज का दिन मिला जुला रहेगा। मन के विचार पल में बदलने से निर्णय लेने में परेशानी होगी अथवा निर्णय जल्दबाजी में लेने से गलत सिद्ध होंगे।

तुला : आज के दिन आपकी सोची योजनाएं असफल होने की संभावना है कार्यो में पहले सफलता मिलती नजर आएगी लेकिन अंत समय में कोई व्यवधान आएगा।

वृश्चिक : सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन मान-सम्मान दिलाने वाला रहेगा लेकिन अहम् की भावना भी अधिक रहेगी।

धनु : आज के दिन आपके अंदर परोपकार की भावना रहेगी। लेकिन सामजिक व्यवहारों के प्रति नीरसता दिखायेगे।

मकर : आज के दिन आप धार्मिक गतिविधियों में अधिक सक्रियता दिखाएंगे तंत्र मंत्र एवं गुड़ विषयो के नए अनुभव मिलेंगे।

कुंभ : आज के दिन आपके सभी कार्य आशा के विपरीत रहने वाले है। स्वास्थ्य भी अचानक बिगड़ने से कार्य करने में असहजता होगी सेहत की अनदेखी करके कार्यो में लगे रहेंगे।

मीन : आज के दिन आप यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंत समय में निर्णय की स्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ सकती है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इतना बोझ किताबों

इतना बोझ किताबों का था लेकिन एक भी पढ़ नहीं पाया शायद मित्रो इसी वजह से दुनियाँ में मैं गधा कहाया मेरी किस्मत थी कुछ ऐसी,कुछ भी कभी मैं कर नहीं पाया पढ़ा नहीं और गधा बन गया, बस जीवन भर बोझ उठाया।

- जे डी कुदाल

महल कब रहे पसंद खुशियों को, उनका

महल कब रहे पसंद खुशियों को, उनका ठिकाना तो रहा बचपन मिट्टी सना निश्छल उन्मुक्त ऋजु सहज, खेलता कूदता सा बहुत दुखी है खुशी अब बचपन खो गया है इंटरनेट की भूलभुलैया में, और खुशी हो गयी है बेघर, कब से ही न जाने रहेगी कब तक ही।

- शुचि 'भवि'

खास पाती

लिखी गई कविताएं हमेशा

लिखी गई कविताएं हमेशा बोलती है ज़िक्र तेरा हो या यथार्थ जीवन का एक लहज़े में अल्फ़ाज़ों को उकेरती है समझ आता है हौसलों की जुगलबंदी यकीं भी इतना हदों में रह खूब बिखरती है. कुछ भी समझें मन को गवांरा नही एहसासों के संग हर रंग में घुलती है... वास्तविकता को मौन भांप लेती है आँखों की पारिदर्शिता मन को सहज थाम लेती है कि कविताएं एहसासों में ठहर तो कभी सीहर जाती है.. रुह में उतर जाए ग़र कविताएं अमर हो जाती है. कि आसान नहीं कविताओं का मन पढ़ना मैं और तुम की दुनियाँ में बेमोल कर जाती है।

- नंदिता तनूजा

बादल भी रो दिए हैं मेरी

बादल भी रो दिए हैं मेरी सिसकियों के साथ देखो गरज रहे हैं कड़क बिजलियों के साथ भूचाल सा उठा है मेरे ज़हन-ओ-दिल में यूँ दरवाज़े हिल रहे हैं सभी खिड़कियों के साथ मासूम सी ही ज़िद थी...मुहब्बत से बात हो झिड़क जवाब दिया तल्ख़ियों के साथ।

- ममता लड़ीवाल

कुछ कहानियाँ दिल दिमाग के कोने में चिरकाल से प्रतीक्षा कर

कुछ कहानियाँ दिल दिमाग के कोने में चिरकाल से प्रतीक्षा कर रही है किसी गुलाबी कागज़ पर साकार होने कीदेह से ज्यादा मन अलसाया है चैत्र माह मॅ कुछ शब्दों के चुम्बन का स्वाद आज भी घुला है भीतर कहीं लिखना सायास नही होता न।

- नीलीमा शर्मा

मुल्क़ की रुसवाई का बेशक

मुल्क़ की रुसवाई का बेशक हुनर रखते हो सामने दुनिया के ये तुम किसका डर रखते हो दुश्मनों से दोस्ती करना बुरी बात नहीं सामने उनके मगर क्यूँ हर ख़बर रखते हो मुफ़लिसी की बात करना बात अच्छी है मगर पाप की दौलत से भरकर अपना घर रखते हो चाइना से मांगकर लाये करोड़ों नोट थे ये भी बतला दो मियां तुम वो किधर रखते हो आपकी फितरत बुराई देश की करना रही ज़ह्र उगला है कदम अपने जिधर रखते हो।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

मुझे बिगाडा बियर पिलाके दिखा

मुझे बिगाडा बियर पिलाके दिखा नज़ारा बियर इलाके। कि बंदा मैं तो खुदा का यारो मुझे मिली टल्ली एक पारो किया कबाडा बियर पिलाके मुझे बिगाडा बियर पिलाके। तेरी बियर का हो साकी नाका तुझे मिली मैं कुडी पटाखा किया धमाका बियर पिलाके तुझे बिगाडा बियर पिलाके। तेरी नज़र का मिला इशारा ये दिल औ जाँ हमने तुम पे वारा हुआ तुम्हारा बियर पिलाके मुझे बिगाडा बियर पिलाके। न दिल औ जाँ का अचार डालूँ कि चखना शाही तुझे बना लूँ भुलाऊँ सब कुछ तुझे मै पाके कहो बिगाडा बियर पिला के। दिखा नज़ारा बियर पिलाके तनुज बिगाड़ा बियर पिलाके।

- सतीश मैथिल तनुज

ढूँढते जिनको फिरें हम चीन पाकिस्तान में. क्यों नहीं दिखते हमें

ढूँढते जिनको फिरें हम चीन पाकिस्तान में. क्यों नहीं दिखते हमें वे साँप हिन्दुस्तान में. डस रहे अज़मत हमारी, विष वमन कर साज़िशें, चाहते तब्दील करना मुल्क रेगिस्तान में।

- हरिवल्लभ शर्मा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1690 - फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने आयरलैंड में सेना भेजी। 1693 - इंदौर के होल्कर वश का प्रवर्तक मल्हारराव होल्कर का जन्म। 1846 - अमृतसर संधि के मुताबिक कश्मीर का आधिपत्य जम्मू के हिंदू राजा गुलाब सिंह को दे दिया गया। 1901 - महात्मा गांधी के अनुयायी स्वतन्त्रता सेनानी पोट्टि श्रीरामुलु का जन्म। 1906 - भारत के जाने-माने शिक्षाविद और हिन्दी साहित्यकार अम्बिका प्रसाद दिव्य का जन्म। 1916 - हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक तथा फ़िल्म निर्माता दयाकिशन सप्रू का जन्म। 1922 - अमेरिकी टेलीविजन पटकथा लेखक और नाटककार हार्डिंग लेमेय का जन्म। 1922 - सुल्तान फवाद प्रथम मिस्र के सुल्तान बने, इंग्लैंड ने मिस्र को मान्यता दी। 1939 - जर्मनी ने चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा किया। 1959 - इराक और सोवियत संघ ने आर्थिक एवं तकनीकी समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1978 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।

QUIZ TIME

1) तक्षशिला किन दो नदियों के मध्य स्थित है?
2) यूरोप का गर्म कम्बल के नाम से प्रचलित जलधारा का नाम क्या है?
3) विश्व का आर्द्रतम स्थान कहाँ है?
4) किस अभिनेता को संयुक्त अरब अमीरत सरकार द्वारा गोल्डन बीजा से सम्मानित किया गया है?
5) माइण्ड मास्टरः विनिंग लेसन्स फ्रॉम ए चैम्पियन्स लाइफपुस्तक के लेखक का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सिन्धु और झेलम (2) गल्फ स्ट्रीम (3) मासिनराम (2700 मिमी/वर्ष) (4) कमल हसन (5) विश्वनाथन आनंद

प्रेरक प्रसंग – 'संघर्ष का महत्व'

एक बार एक किसान परमात्मा से बड़ा नाराज हो गया। कभी बाढ़ आ जाये, कभी सूखा पड़ जाए, कभी धूप बहुत तेज हो जाए तो कभी ओले पड़ जाये। हर बार कुछ ना कुछ कारण से उसकी फसल थोड़ी ख़राब हो जाये। एक दिन बड़ा तंग आ कर उसने परमात्मा से कहा ङ्क देखिये प्रभु,आप परमात्मा हैं, लेकिन लगता है आपको खेती बाड़ी की ज्यादा जानकारी नहीं है, एक प्रार्थना है कि एक साल मुझे मौका दीजिये, जैसा मैं चाहूँ वैसा मौसम हो, फिर आप देखना मै कैसे अन्न के भण्डार भर दूंगा। परमात्मा मुस्कुराये और कहा ङ्क ठीक है, जैसा तुम कहोगे वैसा ही मौसम दूंगा, मै दखल नहीं करूँगा।

अब, किसान ने गेहूं की फ़सल बोई, जब धूप चाही, तब धूप मिली, जब पानी चाही तब पानी। तेज धूप, ओले, बाढ़, आंधी तो उसने आने ही नहीं दी, समय के साथ फसल बढ़ी और किसान की खुशी भी, क्योंकि ऐसी फसल तो आज तक नहीं हुई थी। किसान ने मन ही मन सोचा अब पता चलेगा परमात्मा को की फसल कैसे करते हैं, बेकार ही इतने बरस हम किसानो को परेशान करते रहे।

फ़सल काटने का समय भी आया, किसान बड़े गर्व से फ़सल काटने गया, लेकिन जैसे ही फसल काटने लगा ,एकदम से छाती पर हाथ रख कर बैठ गया! गेहूं की एक भी बाली के अन्दर गेहूं नहीं था, सारी बालियाँ अन्दर से खाली थी, बड़ा दुखी होकर उसने परमात्मा से कहा - प्रभु ये क्या हुआ ?

तब परमात्मा बोले -ये तो होना ही था , तुमने पौधों को संघर्ष का ज़रा सा भी मौका नहीं दिया। ना तेज धूप में उनको तपने दिया, ना आंधी ओलों से जूझने दिया, उनको किसी प्रकार की चुनौती का अहसास जरा भी नहीं होने दिया, इसीलिए सब पौधे खोखले रह गए। जब आंधी आती है, तेज बारिश होती है ओले गिरते हैं तब पौधा अपने बल से ही खड़ा रहता है, वो अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष करता है और इस संघर्ष से जो बल पैदा होता है वो ही उसे शक्ति देता है, उर्जा देता है, उसकी जीवटता को उभारता है। सोने को भी कुंदन बनने के लिए आग में तपने, हथौड़ी से पिटने,गलने जैसी चुनोतियो से गुजरना पड़ता है तभी उसकी स्वर्णिम आभा उभरती है,उसे अनमोल बनाती है। इसी तरह जिंदगी में भी अगर संघर्ष ना हो, चुनौती ना हो तो आदमी खोखला ही रह जाता है, उसके अन्दर कोई गुण नहीं आ पाता। ये चुनौतियां ही हैं जो आदमी रूपी तलवार को धार देती हैं, उसे सशक्त और प्रखर बनाती हैं, अगर प्रतिभाशाली बनना है तो चुनौतियां तो स्वीकार करनी ही पड़ेंगी, अन्यथा हम खोखले ही रह जायेंगे। अगर जिंदगी में प्रखर बनना है, प्रतिभाशाली बनना है, तो संघर्ष और चुनौतियों का सामना तो करना ही पड़ेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -004

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 003 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म		स	मा	धि			झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बु		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज		रू	प	क				न
हा		पा		ना	म	ची		न
ज	हां	प	ना	ह		ता		ना

न्यूज गैलरी

सीएम से वर्ल्ड वाइड बुक ऑफरिकॉर्ड्स होल्डर मास्टर जसराज ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में विधायक धनेन्द्र साहू के नेतृत्व में वर्ल्ड वाइड बुक ऑफरिकॉर्ड्स होल्डर 9 वर्षीय मास्टर जसराज सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मास्टर जसराज का नाम वर्ल्ड वाइड बुक ऑफरिकॉर्ड्स एवं एशिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स में डिवीजन एवं मल्टीप्लिकेशन के सवालों का सबसे तेज जवाब देने के लिए दर्ज हुआ है। मुख्यमंत्री ने मास्टर जसराज को उनकी इन उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मास्टर जसराज के पिता तरसेम सिंह ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि जसराज ने 2 मिनट में किसी भी 3 अंकों की संख्या को 1 से 9 तक के अंक से भाग देकर 100 से भी ज्यादा सवालों के उत्तर देकर देश के पहले सबसे कम उम्र के बच्चे के रूप में वर्ल्डवाइड बुक ऑफरिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। इसी प्रकार एशिया बुक ऑफरिकॉर्ड्स में 1 मिनट 11 सेकंड में 50 सवालों का जवाब देकर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि जसराज को विभिन्न गतिविधियों में उनके टेलेंट के लिए 100 से भी ज्यादा प्रमाण पत्र मिले हैं। मास्टर जसराज जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल मैथ क्लास फोर्थ के स्टूडेंट है। मुख्यमंत्री बघेल ने मास्टर जसराज के आग्रह पर उन्हें ऑटोग्राफ भी दिया। इस अवसर पर मास्टर जसराज की माता जसप्रीत कौर, सुखबीर सिंह और वंदना टांगसे भी उपस्थित थीं।

विस् अध्यक्ष महंत ने बाल सखा गोपाल थवाईत के निधन पर शोक व्यक्त किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा मेरे बाल सखा बड़े भाई छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व कोरबा जिला प्रभारी गोपाल थवाईत जी के निधन की खबर से मन बेहद विचलित व दुखी है, पूरे परिवार में शोक शोक व्याप्त है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, गोपाल जी मेरे सहपाठी मित्र जो कक्षा 9वीं से मेरे साथ रहे कालेज के दिनों में रूम मेट भी थे तब से आज तक साथ साथ रहे हर अच्छे व बुरे दौर में मेरे कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने वाले मेरा प्रिय मित्र व पारिवारिक सदस्य रहे। परम पिता परमात्मा मृतात्मा को शांति प्रदान करे व परिजनो को इस अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें !

निगम आयुक्त ने उद्यानों का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के तहत आने वाले पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के क्षेत्र में बुधवार प्रातः निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी एवम सभापति प्रमोद दुबे ने वार्ड में स्थित मुख्य उद्यान फनफेस्टा उद्यान, गोपी चंदानी उद्यान, विद्या उद्यान का निरीक्षण किया तथा वार्ड में सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया। भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बाकर अब्बास, ज़ोन 4 के जोन कमिश्नर हेमंत शर्मा, कार्यपालन अभियंता लोकेश चंद्रवंशी एवं अभियंतागण मौजूद थे। निगम कमिश्नर ने निगम अधिकारियों को सफाई व्यवस्था एवं गर्मी के दिनों में पानी की समस्या न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देश दिए।

लाईनिंग के लिए 5.41 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के जलसंसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा मुंगेली जिले के मनियारी जलाशय योजना के बी-3 शाखा नहर की रतियापारा माइनर नहर के सी.सी. लाईनिंग कार्य एवं तथा नवीन पक्के कार्यों के निर्माण के लिए 5 करोड़ 41 लाख 86 हजार रूपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव कछार बिलासपुर को प्रदान की गई है। रतियापारा माइनर नहर के कार्य को कराए जाने से इसकी सिंचाई क्षमता में 472 हेक्टेयर की कमी को पूरा करने के साथ ही कुल 991 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए जलापूर्ति हो सकेगी।

गोधन न्याय योजना से 3.30 लाख से अधिक ग्रामीण पशुपालक लाभान्वित

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में गोधन न्याय योजना की लोकप्रियता और इससे ग्रामीणों का जुड़ाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। गौठानों में इस योजना के तहत 2 रूपए किलो में गोबर की खरीदी से गांवों में रोजगार और आय का बेहतर अवसर सुलभ हुआ है। गोबर बेचने से हो रहे लाभ के चलते ग्रामीण अंचल में पशुपालन को बढ़ावा मिला है। गौठानों में गोबर खरीदी से वर्तमान में 3 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण पशुपालक किसान सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। बीते एक साल में इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित पशुपालक ग्रामीणों की संख्या 2.08 लाख से बढ़कर 3.30 लाख से अधिक हो गई है। लाभान्वितों की संख्या में यह वृद्धि 58 प्रतिशत है। राज्य में सुराजी गांव योजना के गरूवा कार्यक्रम के अंतर्गत गोधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गांवों में गौठानों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। राज्य में अब तक 10,687 गांवों में गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 9757 गौठान निर्मित एवं 753 गौठान निर्माणाधीन है। अभी 178 गौठानों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाना है। निर्मित गौठानों में छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप गौठान समितियों द्वारा पशुधन देख-रेख, उपचार एवं चारे-पानी का निःशुल्क प्रबंध है।

गौरतलब है कि राज्य में गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई 2020 हरेली पर्व से हुई थी। इस योजना के तहत गौठानों में 28 फरवरी 2023 तक 107.75 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है, जिसके एवज में गोबर विक्रेता ग्रामीण पशुपालकों को 215.50 करोड़ रूपए का अतिरिक्त लाभ हुआ है।

अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छग 11वीं बार ऑल ओवर चैम्पियन

- मुख्यमंत्री बघेल और वन मंत्री अकबर ने दी बधाई
- 164 मेडल जीतकर निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को पछाड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। हरियाणा राज्य के पंचकूला में आज सम्पन्न हुई 26 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ 11वीं बार ओवर ऑल चैम्पियन बना है। छत्तीसगढ़ ने कुल 164 मेडल जीतकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को पछाड़ते हुए पुनः अपना प्रथम स्थान कायम रखा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ राज्य की अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वन विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, तैराकी, कैरम, चेस, वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी जैसे इंडोर गेम के साथ-साथ क्रिकेट, फुटबॉल, बॉस्केट बॉल, हॉकी, गोल्फ, एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट होते है। इस प्रतियोगिता में वन विभाग के उच्चतम अधिकारी पीसीसीएफ से लेकर गॉड तक खेल स्पर्धाओं में भाग लेते है।

छत्तीसगढ़ के वन विभाग टीम ने क्रिकेट में जम्मू कश्मीर को हराकर सातवीं बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी तरह फुटबॉल में हरियाणा के टीम को हराकर छत्तीसगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम में कई नेशनल खिलाड़ी शामिल थे। छत्तीसगढ़ की बॉस्केट बॉल टीम ने कर्नाटक की टीम को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। वेटलिफ्टिंग पॉवरलिफ्टिंग में कुल 19 स्वर्ण, टेनिस में 12 स्वर्ण, बैडमिन्टन में 04 स्वर्ण, तैराकी में 06 स्वर्ण, एथलेटिक्स में 18 स्वर्ण, 10 रजत, 08 कांस्य पदक जीते हैं। इसी प्रकार टेनिस में 09 स्वर्ण और 02 रजत पदक प्राप्त किया है।

इस तरह इस वर्ष की 26 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने कुल 164 मेडल जीतकर कुल 542 अंक प्राप्त किए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को कड़ी प्रतिस्पर्धा में पछाड़ते हुए पुनः अपना प्रथम स्थान कायम रखा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तथा वन मंत्री सहित वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी एपीसीसीएफ सुनील मिश्रा और डीएफओ विश्वेष कुमार, आलोक तिवारी, संगीता राजगोपालन के अथक प्रयास तथा खिलाड़ियों के सतत अभ्यास एवं लगन से छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इससे छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हुआ है।

एक अप्रैल से बढ़ेगा शुल्क आवेदन करने कलेक्टर की अपील

- अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने अधिक से अधिक लोग करें आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों के निवासियों से अपने घरों या दुकानों में अनाधिकृत निर्माण को नियमित कराने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि 31 मार्च को चालू वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाएगा और नये वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से नगर निगम के अनुज्ञा शुल्क में पहले की तरह ही 10 प्रतिशत की बढोत्तरी हो जायेगी। ऐसे में अनुज्ञा शुल्क बढने से नियमितीकरण के लिए निर्धारित राशि भी बढ जायेगी। कलेक्टर डॉ भुरे ने अतिरिक्त वित्तीय भार से बचने के लिए अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण के आवेदन 31 मार्च के पहले अधिक से अधिक लोगों द्वारा जमा कराने की अपील की है। 31 मार्च तक प्राप्त आवेदनों पर चालू वित्तीय वर्ष अनुसार ही शुल्क लिया जाएगा।

अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण के नियमों को प्रशासन ने बहुत सरल कर दिया है। अब लोग आसानी से आवेदन देकर निर्धारित शुल्क जमाकर अपनी अनाधिकृत निर्माण को नियमित करा सकते है। अब नये नियमों के तहत ही आवेदन लिए जा रहे है। इसके लिए संबंधित नगर-निगम या नगरपालिका परिषद् के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। निगम या पालिका की सीमा के बाहर निवेश क्षेत्र के अन्दर के अनाधिकृत निर्माण को नियमित कराने के लिए नगर निवेश कार्यालय में आवेदन जमा होंगें। आवेदक को आवेदन के साथ मकान के कागजात, मकान के फोटोग्राफ्स, मकान का आर्किटेक्ट द्वारा बनाए गए नक्शा और संपत्ति कर या बिजली बिल की रसीद भी संलग्न करनी होगी।

छत्तीसगढ़ में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की 19 यूनिट शुरू

- गोबर से 44 हजार 160 लीटर प्राकृतिक पेंट उत्पादित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थापित गौठान तेजी से ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित होने लगे हैं। गौठानों में विविध आयमूलक गतिविधियों के संचालन के साथ-साथ नवाचार के रूप में गोबर से प्राकृतिक पेंट का उत्पादन तेजी से होने लगा है। वर्तमान में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए 19 यूनिट शुरू हो चुकी है। क्रियाशील यूनिटों के माध्यम से अब तक 44,160 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन किया गया है, जिसमें से 26,292 लीटर प्राकृतिक पेंट के विक्रय से 47 लाख 71 हजार रूपए की आय हासिल हुई है। राज्य में फिलहाल 45 यूनिट स्थापित किए जाने की मंजूरी दी गई है, जिसमें से अभी 26 गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की यूनिट स्थापना की जा रही है।

गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए कुल 45 पेंट उत्पादन यूनिट की स्वीकृति दी गई है, जिसमें 19 की स्थापना पूरी कर वहां उत्पादन शुरू हो चुका है। रायपुर एवं दुर्ग जिले में 3-3, कोरबा जिले में 2 यूनिट स्थापित हुई है, जबकि कांकेर, बालोद, कोरिया, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, बेमेतरा, सूरजपुर, सरगुजा, नारायणपुर एवं बस्तर जिले में 1-1 यूनिट स्थापित एवं क्रियाशील हो चुकी हैं। रायपुर जिले की 3 यूनिटों में अब तक सर्वाधिक 20,841 लीटर, कांकेर में 7878 लीटर, दुर्ग में 2900, बालोद में 1300, कोरबा में 200, कोरिया में 800, कोण्डागांव में 3868, दंतेवाड़ा में 1343, बीजापुर में 1090, बेमेतरा में 500, सूरजपुर में 500, बस्तर में 1840 लीटर, सरगुजा में 400 एवं नारायणपुर में 700 लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन हुआ है। उत्पादित पेंट के विक्रय से अब तक 47.71 लाख रूपए की आय अर्जित हुई है।

नेक नीयत से किए कार्य के परिणाम होते हैं हमेशा सुखद : चतुर्वेदी

रायपुर/नवप्रदेश। पुरातत्वीय प्लास्टर कास्ट प्रतिकृति प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों के साथ वक्त बिताकर नगर निगम के कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी ने उनके हुनर को देखा और सराहना की। उन्होंने कहा कि नेक नीयत के साथ किए गए कार्य के परिणाम हमेशा सुखद होते हैं। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल बजाज कालोनी न्यू राजेन्द्रनगर में पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में मूक-बधिर बच्चों का उत्साहवर्धन करने नगर निगम कमिश्नर पहुंचे थे।

इस अवसर पर चतुर्वेदी ने कहा कि जीवन में बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम के साथ ही नीयत भी साफ होनी चाहिए। अर्पण कल्याण समिति द्वारा मूक -बधिर बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ ही जिस तरह के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं वह प्रशंसनीय है। चतुर्वेदी ने कहा कि समाज हित में हम जितना कार्य करते हैं उसका कई गुना हमें वापस मिलता है।

इस अवसर पर रायपुर नगर निगम के सभापति और पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि मयंक चतुर्वेदी जैसे ऊर्जावान अफसर का मूक-बधिर बच्चों के साथ समय बिताना और उनका उत्साहवर्धन करना बहुत ही सुखद है। दुबे ने कहा कि मयंक चतुर्वेदी जितने सख्त अधिकारी हैं उतने ही सहृदयी इंसान हैं। चतुर्वेदी हमेशा न केवल दिव्यांगों बल्कि सभी बच्चों के लिए हर तरह की मदद करने पूरे मन से तत्पर रहते हैं।

भाजपा ने लोगों को झूठा सब्जबाग दिखा कर फार्म भरवाया : कांग्रेस

- मकान देने का झूठा सपना दिखा कर लोगों को आंदोलन में बुलाया

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा झूठे आंकड़ों के आधार पर भ्रम फैलाकर प्रधानमंत्री आवास के नाम पर विधानसभा घेराव की नौटंकी करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा फर्जीवाड़ा करके तथा गरीबों को झूठा सब्जबाग दिखा कर 7 लाख लोगों से फार्म भरवाया गया तथा उन्हीं गरीबों को भाजपा अपने आंदोलन में यह कह कर बुलाई है कि आंदोलन में शामिल होने पर उनको मकान मिलेगा। भाजपा में यदि साहस है तो केंद्र सरकार से कहकर फर्म भरवाये सारे 7 लाख लोग पात्र हो या अपात्र उनको मकान स्वीकृत करवाये तथा उनके हिस्से का केंद्रांश 60 प्रतिशत जमा करवाये केंद्र द्वारा स्वीकृत करने पर राज्य सरकार भी तत्काल उनके मकानों को स्वीकृत करेगी और अपना 40 प्रतिशत हिस्सा भी स्वीकृत करेगी। मकान देने का झूठा सपना दिखा कर लोगों को आंदोलन में बुलाया है। अपने दम पर भाजपा में भीड़ इकट्ठा करने का साहस नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में 15 साल में मात्र 2 लाख 37 हजार प्रधानमंत्री आवास बनाये गये थे। भाजपा बतायें तब उसने 2011 और 2016 की सर्वे सूची को आधार बना कर और ज्यादा प्रधानमंत्री आवास क्यों नहीं बनायें? तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने अंतिम बजट भाषण में विधानसभा में यह माना था कि उनकी सरकार ने मात्र 2,37,000 प्रधानमंत्री आवास ही बनाए थे तथा शहरी क्षेत्र में मात्र 19,000 मकान ही बनाये गये थे।

गौठानों में अब तक 1 लाख 49 हजार 681 लीटर गौमूत्र क्रय

रायपुर/नवप्रदेश। गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर खरीदी के साथ-साथ 4 रूपए लीटर की दर से गोमूत्र की खरीदी अनवरत रूप से जारी है। गौठानों में अब तक 5 लाख 98 हजार 724 रूपए का भुगतान कर एक लाख 49 हजार 681 लीटर गौमूत्र क्रय किया जा चुका है, जिससे महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा 56,281 लीटर जैविक कीटनाशक ब्रम्हास्त्र और 21,602 लीटर वृद्धिवर्धक जीवामृत का उत्पादन किया गया है। 50,622 लीटर ब्रम्हास्त्र तथा 19,299 लीटर वृद्धिवर्धक जीवामृत की बिक्री से 32 लाख 27 हजार 445 रूपए की आय अर्जित हुई है।

गौरतलब है कि राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जैविक मिशन संचालित है। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर की खरीदी और उससे जैविक खाद के उत्पादन से राज्य में जैविक खेती के लिए किसानों को सहजता से रियायती दर पर जैविक खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। गौमूत्र से जैविक कीटनाशक ब्रम्हास्त्र और वृद्धिवर्धक जीवामृत के उत्पादन से जैविक खेती को और बढ़ावा मिला है। किसान अब महंगे रासायनिक पेस्टीसाइड से छुटकारा मिला है। किसान अब रासायनिक कीटनाशक के स्थान पर जैविक कीटनाशक ब्रम्हास्त्र का उपयोग करने लगे है।

झगराखांड जलाशय के लिए 3.42 करोड़ की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के जलसंसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा गौरेला विकासखण्ड अंतर्गत झगराखांड जलाशय योजना के शीर्ष कार्य के सुदृढ़ीकरण एवं नहरों में सीमेन्ट, कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 42 लाख 76 हजार रूपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव कछार बिलासपुर को प्रदान की गई है।

सेहत | दुनिया भर में 5 साल से कम उम्र के 42 प्रतिशत बच्चे और 40 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिक हैं

एनीमिया से बचाव : फैसला आपके चुस्त-दुरुस्त रहने का

रायपुर/नवप्रदेश। शरीर में खून की कमी होना लोगों की आम समस्या बन गई है। यह विशेष रूप से छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को अधिक प्रभावित करती है। खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा का एक स्तर से कम हो जाना चिकित्सीय भाषा में एनीमिया कहलाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में 5 साल से कम उम्र के 42 प्रतिशत बच्चे और 40 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिक हैं। इस प्रकार एनीमिया वर्तमान समय की एक गंभीर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है।

हीमोग्लोबिन, हीम अर्थात् आयरन और ग्लोब्यूलीन एक प्रोटीन से मिलकर बना होता है।

यह लाल रक्त कोशिकाओं का एक अत्यंत आवश्यक घटक है। शरीर में हीमोग्लोबिन की आवश्यकता ऊतकों तक ऑक्सीजन ले जाने के लिए होती है। यदि रक्त में हीमोग्लोबिन बहुत कम हो या लाल रक्त कोशिकाएं असामान्य हों, तो शरीर के ऑक्सीजन ले जाने की क्षमता कम हो जाती है। इससे भूख नहीं लगना, थकान, कमजोरी, चक्कर आना और सांस की तकलीफ जैसे कई लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

एनीमिया किसे कहते हैं –

एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या या उनमें हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य से कम हो जाती है। शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक हीमोग्लोबिन की मात्रा व्यक्ति के उम्र, लिंग, निवास स्थल की ऊंचाई, शारीरिक अवस्था जैसे गर्भावस्था की स्थिति में भिन्न-भिन्न होती है। आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया सबसे आम प्रकार है जो मुख्य रूप से महिलाओं को प्रभावित करता है। रक्त की अधिक आवश्यकता के कारण हीमोग्लोबिन की कमी गर्भावस्था के दौरान जटिलताएं पैदा कर सकता है। रक्त में हीमोग्लोबिन की सही मात्रा होने से बच्चे का उचित शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। शरीर चुस्त रहता है और मन में फुर्ती रहती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

एनीमिया के प्रमुख लक्षण–

त्वचा, चेहरे, जीभ एवं आँखों में लालिमा की कमी।, काम करने पर जल्दी ही थकावट हो जाना।, सांस फूलना या घुटन होना।, काम में ध्यान न लगना और बातें भूल जाना। , चक्कर आना।, भूख न लगना ।, चेहरे और पैरों में सूजन।

एनीमिया के कारण और निवारण

बच्चों, महिलाओं और गर्भवती स्त्रियों में एनीमिया के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। इन्हें जानकर दूर करने से एनीमिया से मुक्ति पाई जा सकती है।

बच्चों में एनीमिया के प्रमुख कारण

जन्म के समय एनीमियाग्रस्त माता से।, जन्म के एक घण्टे में स्तनपान न कराए जाने से।, ऊपरी आहार बहुत जल्दी या देर से शुरू करना।, भोजन में आयरन तत्वों की कमी होना।

25 लाख का कर्ज, 72 लाख रूपए का बीमा क्लेम रची पूरे परिवार के मौत की झूठी साजिश, छिप न सका राज

पखांजूर का लापता परिवार की सुलझी गुत्थी

■ **अपने फार्म हाउस में पूरे परिवार के साथ छुपा था, आरोपी गिरफ्तार**

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में जिला कांकेर पुलिस द्वारा थाना चारामा के ग्राम चावड़ी में मिले जलती हुई कार की गुत्थी को सुलझा लिया गया है चारों गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद कर लिया गया है पुलिस ने बीमा की राशि गई साजिश का भी पर्दाफाश कर लिया है मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना चारामा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चावड़ी में दिनांक 01.03.2023 की रात्रि में चारामा कोरर मार्ग पर एक जलती हुई कार होने की सूचना मिली थी, उक्त सूचना पर थाना चारामा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची परंतु तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी, जिस संबंध में पतासाजी के दौरान दिनांक 02/03/23 की प्रातः उक्त जली हुई कार पखांजूर पिव्हि 42 निवासी बिपुल सिकदार के स्वामित्व का होना ज्ञात हुआ था, मौके पर कार स्वामी के पुत्र हर्षित सिकदार ने जली हुई कार की पहचान कर पुलिस को जानकारी दिया था कि उक्त कार मारुति &l6 में पखांजूर पिव्हि 42 निवासी समीरन सिकदार पिता विपुल सिकदार उम्र 29 वर्ष,उसकी पत्नी जया सिकदार उम्र 26 वर्ष, अपने बेटे दीप सिकदार उम्र 9 वर्ष एवं पुत्री कृतिका सिकदार उम्र 4 वर्ष के साथ रायपुर इलाज हेतु दिनांक 01/03/23 को गए हुए थे जोकि अपने परिवार से मोबाइल फोन पर लगातार संपर्क में थे रायपुर से वापसी के दौरान धमतरी पहुंचकर उन्होंने अपने पिता एवं परिवार के लोगों को धमतरी में होटल में रात्रि भोजन कर पखांजूर हेतु कार से निकलने की बात भी बताई थी ग्राम चावड़ी में वही कार जली हुई

अवस्था में मिली थी, परंतु कार सवार चारों व्यक्तियों का कोई पता नहीं था, पुलिस द्वारा उक्त जली हुई कार की जांच मौके पर फॉरेंसिक टीम से कराई गई कार की जांच में कोई मानव अवशेष होना नहीं पाया गया था,परंतु कार में 2 नग जले हुए मोबाइल मिले थे इससे यह आशंका थी कि कार सवार व्यक्तियों का अपहरण अथवा हत्या भी हो सकता है परिजन बार-बार इस बात की आशंका भी व्यक्त कर रहे थे, थाना चारामा में चारों लापता व्यक्तियों के संबंध में परिजनों की रिपोर्ट पर चारों व्यक्तियों की गुमशुदगी की रिपोर्ट गुम इंसान क्रमांक11,12,13,14 दर्ज कर पता तलाश किया जा रहा था, पुलिस अधीक्षक कांकेर शलभ कुमार सिन्हा ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए गुमशुदा व्यक्तियों की पतासाजी हेतु 5 पुलिस टीम गठित किया था पतासाजी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे, होटलों की चेकिंग के दौरान पुलिस को जानकारी 00प्राप्त हुई कि धमतरी स्थित आशियाना लाज में उक्त लापता परिवार दिनांक 01.03.2023 की रात्रि में रुका हुआ था, तथा पुलिस को गुमशुदा व्यक्तियों के मोबाइल नंबरों के कॉल रिकॉर्ड की तस्दीक करने पर ज्ञात हुआ की गुमशुदा हुए समिरन सिकदार ने रायपुर स्थित अजय फोटो स्टूडियो में अपने 93 फोटो प्रिंट कराने हेतु दिए थे, जिसे दिनांक 02.03.2023 को समीरन सिकदार फोटो को ले जा चुका था, जानकारी होने पर पुलिस आश्वस्त थी कि चारों व्यक्ति का अपहरण नहीं हुआ है और वे स्वयं से ही छिप रहे हैं उक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस की विभिन्न टीमें लगातार पतासाजी कर रही थी जांच के दौरान पुलिस टीमों द्वारा पखांजूर से रायपुर तक सेल आईडी के टावर डंप में 900000 से अधिक मोबाइल नंबरों का साइबर सेल द्वारा विश्लेषण कर 45000 मोबाइल नंबरों को शॉर्टलिस्ट कर तस्दीक किया जा रहा था तथा पखांजूर से रायपुर के मध्य लगभग 1000 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले गए 300 से अधिक होटलों की चेकिंग की गई, रेलवे स्टेशन बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड, एयरपोर्ट की जांच की गई पुलिस परिजनों एवं समीरन सीकदार के व्यवसाय से जुड़े लोगों से भी लगातार पूछताछ कर रही थी तभी दिनांक 13/03/23 की रात्रि में गुमशुदा हुए समीरन सिकदार ने अपने फार्म हाउस के वर्करों के माध्यम से मोबाइल पर पुलिस से संपर्क कर अपने को परिवार सहित पीवी 42 में पहुंचने की बात बताई तब पुलिस द्वारा तत्काल अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया पूछताछ में समीरन सिकदार एवं उसकी पत्नी जया सिकदर ने पूछताछ में बताया कि कुछ दिनों से व्यापार में नुकसान होने से वह परेशान थे इसी दौरान उन्होंने पूरे परिवार का इंश्योरेंस भी कराया था बीमा पॉलिसी के अनुसार मृत्यु होने पर 72 लाख रुपया के भुगतान का प्रावधान था इसी लालच में पति ने योजना बनाई थी कि कार को जला देंगे और पत्नी जया को गुमराह कर गायब हो जाएंगे जिससे लोग उसे कार में जलकर मृत होना समझ जाएंगे और बीमा कंपनी 72 लाख रुपया भुगतान कर देगी जिससे व्यापार में नुकसान की भरपाई भी हो जाएगी और पखांजूर से दूर किसी दूसरे स्थान पर नए तरीके से अपना जीवन यापन करेंगा।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला संयुक्त कार्यालय में कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में मंगलवार को डीएलसीसी त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं में बैंक लिंकेज स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड से वंचित किसानों को इसका लाभ जरूर दें। सभी बैंकर्स प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियो का आवेदन पूर्ण कर बैंकों में समय से प्रकरण भेजें ताकि समय पर हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सकें। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, अंत्योदय स्वरोजगार योजना, आदिवासी स्वरोजगार योजना जैसे अन्य योजनाओं के अब तक की प्रगति की जानकारी भी ली गयी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ललितादित्य नीलम, विभिन्न बैंकों के अधिकारी तथा बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे।

अभिव्यक्ति महिला जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

बीजापुर/नवप्रदेश। अभिव्यक्ति महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत् 13 मार्च 2023 को जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीना रावतिया उद्दे, सदस्य, बस्तर आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं जिला पंचायत सदस्य द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्य के लिये उन्हे सम्मानित किया गया। पुष्पा रोकड़े पत्रकार, सिंधुमति स्वामी,सेवा निवृत्त शिक्षक, रेखा दास सेवा निवृत्त शिक्षक, डॉक्टर मधबाला रामटेके महिला चिकित्सक, संतोष यादव केश वर्कर, आशा श्याम (उप निरीक्षक) 14 मार्च को रक्षित केन्द्र बीजापुर में स्थित ग्रेटहॉल में जिला अस्पताल के महिला चिकित्सक एवं टीम के द्वारा महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिलाओं के द्वारा महिला चिकित्सकों से स्वास्थ्य सबंधी जानकारी ली गई एवं परामर्श लिये गये। कार्यक्रम के दौरान अति0पुलिस अधीक्षक, ऑप्स गौरव राय, अति0पुलिस अधीक्षक, बीजापुर चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक, तुलसीराम लेकाम, उप पुलिस अधीक्षक, विनीत साहू, रक्षित निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

निशक्तजन तक भरोसा बन रहे बीजादूतीर

बीजापुर/नवप्रदेश। बुजुर्ग अवस्था में आंख की रोशनी चली जाए तो इंसान के लिए बहुत अकेलापन और निराशा में डूब आने वाला पल होता है और जानकारी के अभाव होने के कारण सुविधा होने के पश्चात भी लोग लाभ लेने में अक्षम होते हैं।बीजादूतीर स्वास्थ्य योजना और जन समुदाय के बीच संधि की तरह कार्य कर रही है ।जो अपनी जिम्मेदारी को लगातार जिले में निभा रहे हैं तीन गांवों मिरतुर , बेचापाल और फुलादी के 16 लोग 5 पुरुष तथा 11 महिलाओं को। स्वयंसेवकों के प्रयास सहयोग और सद्भाव से मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराया गया यह सेवा लगातार स्वयंसेवक अपने क्षेत्र में कर रहे हैं ज्ञात हो कि भैरमगढ़ ब्लॉक के कई गांव नदी और जंगल से घिरा हुआ है और अधिकांश ग्राम अति संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं जिला प्रशासन के प्रयास से कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशानुसार यह युवा स्वयंसेवक के रूप में अपने गांव में लगातार सेवा दे रहे हैं।

जिले में अब तक 5 लाख 73 हजार व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में वन अधिकार मान्यता पत्र वाले प्रत्येक विकासखण्ड के पांच-पांच गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जायेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर सुमीत अग्रवाल ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा के निराकरण पत्रों की समीक्षा करते हुए उक्त आशय के निर्देश दिये। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने तथा आयुश्मान कार्ड पंजीयन से छूटे हुए सभी व्यक्तियों का पंजीयन करने सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 05 लाख 73 हजार 494 व्यक्तियों को आयुश्मान कार्ड बनाया जा चुका है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रवाल ने निर्माणाधीन पीडीएस दुकान तथा आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया है। गोधन न्याय योजना अंतर्गत गौठानों में गोबर की खरीदी एवं उससे वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण और उसका विक्रय की समीक्षा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले के सभी गौठानों में प्रति पखवाड़ा 30 क्विंटल गोबर की खरीदी सुनिश्चित किया जावे। आवर्ती गौठानों एवं नगर पंचायतों के गौठानों में भी गोबर की खरीदी सुनिश्चित करने कहा गया, साथ ही सभी पशुपालकों को गौठान में गोबर बेचने के लिए प्रेरित करने हेतु निर्देश दिये गये। वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं उसके विक्रय तथा गोमूत्र से ब्रम्हास्त्र निर्माण और उसके विक्रय की समीक्षा भी किया गया।

कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में संपन्न साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जिले में शासकीय योजनाओं के संचालन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। इस योजना के तहत जिन स्कूल भवनों में जीर्णोद्धार की आवश्यकता हैं, वहां उचित सुधार कर बच्चों को बेहतर शिक्षा हेतु अधोसंरचना उपलब्ध कराना है। कलेक्टर ने योजना के तहत नियमानुसार कार्य करते हुए जरूरी मरम्मत एवं सुधार सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधितों को दिए हैं।शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर खरीदी, वर्मी खाद का निर्माण और समितियों के माध्यम से कृषि एवं संबद्ध विभागों तथा किसानों द्वारा खरीदी की समीक्षा की। कलेक्टर लंगेह ने गौमूत्र से बने उत्पादों जीवामृत एवं अन्य जैविक कीटनाशकों के विक्रय हेतु कृषि विज्ञान केंद्र से समन्वय करने के निर्देश दिए। जिले में लगाए जा रहे आधार अपडेशन और आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए शिविर।

निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें : कलेक्टर

■ **लोहा डोंगरी से बस स्टैंड तक सौंदर्यीकरण हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिसके अर्न्तगत निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए समस्त निर्माण कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। लोहा डोंगरी से बस स्टैंड सौंन्दर्यीकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री जन चौपाल, भेंट मुलाकात सहित बजट सत्र में किए घोषणाओं को क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा, राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के तहत नियमित गोबर खरीदी, वर्मी खाद का उत्पादन, विक्रय गौठानों में आर्थिक गतिविधियों का नियमित संचालन करने, नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई का निरीक्षण करने, निरीक्षण प्रतिवेदन देने, स्कूलों, आंगनबाड़ी, पोटाकेबिन आश्रमों में पेयजल की आपूर्ति सभी गावों में हैण्डपंप की उपलब्धता, खराब हैण्डपंपों की जानकारी, नवीन संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं

भवन विहिन स्वास्थ्य केन्द्रों की जानकारी ली गई। वहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए। स्वामी आत्मानंद नवीन स्कूलों के मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने सहित ग्रामीणों को उनके मूल पंचायत में राशन उपलबध कराने, जिला प्रशासन द्वारा संचालित बसों का नियमित संचालन करने, बेचापाल से एटेपाल तक ग्रामीणों को निःशुल्क बस सेवा प्रदान करने बैकिंग सुविधाओं का विस्तार एटीएम मशीन की कुटरू एवं मद्देड़ में स्थापित करने सहित विकास कार्यो की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों का कटेगा चालान

बीजापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि साहू तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके की उपस्थिति में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सह ब्लूमबर्ग परियोजना अंतर्गत जिला स्तरीय स्टेक होल्डर्स का संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया।इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिले के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित हुए।

बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकर द्वारा तम्बाकू नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में की जा रही गतिविधियों के सम्बंध में अवगत कराया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ मनोज लम्बाड़ी द्वारा तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र की सेवाओं के बारे में बताया गया।

दिनांक 17 मार्च को तम्बाकू निषेध अभियान दिवस के रूप में मनाए जाने राज्य स्तर से प्राप्त निर्देश के परिपालन में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों को गतिविधियों के आयोजन के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक सह प्रशिक्षण में ब्लूमबर्ग परियोजना के सम्भागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, कोटपा एक्ट 2003, कोटपा छग संशोधन अधिनियम 2021, टोबैको मोनिटरिंग एप्प एवं धूम्रपान मुक्त नीतियों से सम्बंधित विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के अंत मे कलेक्टर द्वारा जिले में निरतंर चलानी कार्यवाही, जिले के समस्त कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त किये जाने के साथ साथ यथाशीघ्र जिले को धूम्रपान मुक्त किये जाने के निर्देश दिए गए। तम्बाकू उत्पादों की निगरानी के उद्देश्य से नगरीय निकाय के माध्यम से वेंडर लाइसेंसिंग की प्रक्रिया के सम्बंध में निर्देशित किया गया।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति सम्मान समारोह संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। सत्र 2022-23 में विकास खंड चारामा से राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति के लिए कक्षा आठवीं के 100 बच्चों का चयन हुआ हैं। ब्लॉक चारामा के शिक्षा विभाग, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और पालकों के लिए यह गौरवान्वित करने वाला पल हैं। बच्चो की इसी मेहनत को सम्मान देने हेतु विकासखंड स्तरीय सम्मान समारोह का अयोजन शिक्षा विभाग चारामा के द्वारा सभी शिक्षको के सहयोग से किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा की ब्लॉक स्तर पर पहली बार वृहद स्तर में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत् सभी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में बैठने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। जिनका सुखद परिणाम ये रहा हैं, कि 100 छात्र छात्राओं ने क्वालीफाई कर लिया।

ब्लॉक के सभी माध्यमिक विद्यालयों में प्रतिदिन अलग कालखंड बनाकर बच्चों से तैयारी करवाई जाती रही। इसके अलावा पूर्व मैं नवोदय विद्यालय, प्रयास, एकलव्य चयन परीक्षाओं में जिले के सभी विकास खंडों में चारामा का स्थान हमेशा ऊपर ही रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नरेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा की ऐसे सम्मान समारोह से बच्चो का मनोबल बढ़ता हैं। बच्चो को उनके मेहनत का परिणाम मिला हैं,बच्चे इस मुकाम से और ऊंचे मुकाम पर जाए,और इस मुकाम के लिए सहयोग करने वाले सभी शिक्षको,परिजनों का सहयोग न भूले और उन्हें हमेशा सम्मान दे।वही उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा स्कूलों और शिक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों को भी मंच से सभी के बीच रखा।वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायिका सावित्री मनोज मंडावी ने अपने उद्बोधन में कहां की बच्चो की हर सफलता मैं शिक्षक शिक्षिकाओं को जायदा खुशी होती हैं। बच्चो की यह शिक्षा की यह पहली सीढ़ी थी,जिसे बच्चो ने बड़ी मेहनत से पर किया,आगे अनेकों परीक्षाएं आएगी,अगर आप अपने लक्ष्य को इतना ऊंचा रखकर मेहनत करेंगे तो जीवन में हमेशा सफल होगे और एक दिन बड़े बड़े पदों पर आसीन होंगे, जिसके लिए शिक्षक और परिजन भी धन्यवाद के पात्र हैं।विधायक के द्वारा अपनी और से सभी चयनित 100 बच्चो मैं प्रत्येक को 1000-1000 रुपए का प्रोत्साहन कुल 01 लाख रुपए की राशि वितरित की गई।वही उन्होंने 10--12वी में टॉप टेन में आने वाले छात्रों को भी अपनी और से पुरुस्कार देने की घोषणा की। जिसके बाद बच्चो को सम्मान स्वरूप उपहार और 1000 की राशि दी गई, एवं जिस संस्था के छात्रों का चयन प्रतिभा खोज परीक्षा में हुआ हैं, उन संस्था के प्राचार्य को प्रशस्ति पत्र विधायक के कर कमलों से प्रदान कर सम्मान किया गया।

लू से बचाव के लिए दिशा निर्देश जारी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार लू से बचाव एवं प्रबंधन हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिसके अंतर्गत जिले में भीषण गर्मी पड़ने पर लू के बचाव हेतु जन-सामान्य को उसके लक्षणों की पहचान एवं उपाय तथा प्रारंभिक उपचार हेतु जागरूक किया जाना है। ताकि उक्त परिस्थित में ऐसे व्यक्तियों को बचाया जा सके। सामान्यता लू के मुख्य लक्षण सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना लू लगने का प्रमुख कारण है। तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी होता है। लू से बचाव के लिए निम्न बातों को ध्यान में रखना चाहिए। अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावे, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले पानी अधिक मात्रा में पीये अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम, जलवायु सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे अधिक पसीना आने कि स्थिति में ओ. आर. एस. घोल पीये। चक्कर आने, मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र में निशुल्क परामर्श लिया जायें। लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र किसी नजदीकी स्वास्थ्य संस्था व अस्पताल में इलाज के लिए ले जायें।

निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य : सीइओ

■ **जिले में नरवा विकास, गोधन न्याय, मनरेगा, सहित सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न**

कोरिया/नवप्रदेश। मिशन अमृत सरोवर के तहत आगामी माह में लक्ष्य के अनुरूप सभी अमृत सरोवरों का निर्माण व उन्नयन कार्य समय सीमा में पूरा करें तथा नरवा मिशन के अंतर्गत लक्षित नालों के विकास व संरक्षण का कार्य मई माह तक अनिवार्य तौर पर पूरा कराएं। उक्ताशय के निर्देश जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने दिए। विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत के मंथन कक्ष में संपन्न हुई। इसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि तालाब जलस्त्रोत के परंपरागत संसाधन हैं और इनका भूमिगत जलआवर्धन में भी विषेष महत्व है। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कोरिया एवं एमसीबी जिले में कुल 150 अमृत सरोवरों का निर्माण एवं उन्नयन किया जा रहा है इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेते हुए तय समय सीमा में पूरा कराएं। तकनीकी अधिकारियों को इस कार्य का निरंतर पर्यवेक्षण करते हुए उन्होंने सारे कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। नरवा विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि प्रत्येक जनपद पंचायत में एक आदर्श नरवा का विकास किया

जाना है। मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप इस कार्य को मानक स्तर पर पूरा करें ताकि आने वाले समय में यह एक मानक प्रादर्श की तरह प्रचारित भी किया जा सके। रिज टू वैली एप्रोच में नरवा विकास कार्यों को पूरा करने के लिए उन्होंने जनपद वार समय सीमा तय की। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों को पूरा कराने के लिए प्रत्येक जनपद वार समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि जिन हितग्राहियों को दूसरी और तीसरी किस्त प्राप्त हो चुकी हैं उनके आवास को बनाने में मदद करने के लिए तकनीकी सहायक प्रतिदिन अपने संबंधित ग्राम पंचायतों में भ्रमण करें और हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करने में मदद करें ताकि बारिश के पहले ही सभी हितग्राही पक्के आवास का लाभ ले सकें।

ग्राम पंचायतों में आवासों की प्रगति के अनुसार उनकी जियो टैगिंग कार्य को तेज करने के निर्देश देते हुए सीइओ ने इस कार्य में ग्राम पंचायतों में कार्यरत रोजगार सहायकों की मदद लेने को कहा। गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को वर्मी कंपोस्ट की लैब रिपोर्ट कंपोस्ट की बोरियों में चस्पा कराने के निर्देश दिए। सहकारी समितियों में क्षमतानुसार वर्मी कंपोस्ट के भंडारण के लिए उन्होने सहायक पंजीयक सहकारी समिति को निर्देशित किया। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए जैन ने व्यक्तिगत शौचालय के पात्र हितग्राहियों को कार्य पूरा करते ही प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सीइओ ने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए दो वर्ष पूर्व तक के स्वीकृत सभी कार्यों के उपयोगिता और पूर्णता प्रमाण पत्र एक सप्ताह में अनिवार्य तौर पर ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए। सभी लाइन एजेंसी के लंबित कार्यों की सूची एक सप्ताह में अद्यतन करके आनलाइन सीसी दर्ज करते हुए उन्होंने भुगतान के लिए लंबित कार्यों को दो दिवस में पूरा करने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में कोरिया एवं एमसीबी जिले के सभी जनपद पंचायत सीइओ, कार्यपालन अभियंता एवं एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सभी कार्यक्रम अधिकारी तथा तकनीकी सहायक एवं अन्य विभागों के विभाग प्रमुख तथा जिला पंचायत के सभी योजना प्रमुख अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

जिपं की स्थाई संचार व संकर्म समिति की बैठक 22 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत की स्थाई संचार तथा संकर्म समिति की बैठक 22 मार्च को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में जल संसाधन संभागों, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

सरकार आत्म चिंतन व आत्म अवलोकन करें : जेसीसीजे

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में डीएमएफ की राशि के 14000 करोड़ रूपए पिछले 20 साल के कार्यकाल में भाजपा और कांग्रेस ने बंदरबांट करते हुए भ्रष्टाचार किया। जेसीसीजे प्रमुख और छग के माटी पुत्र अमित जोगी ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान डीएमएफ की राशि की गड़बड़ी और व्याप्त भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे जिस पर पीसीसी चीफ मोहन

मरकाम ने मुहर लगा दी है। जनता कांग्रेस जे छग के जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने विधानसभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के द्वारा कोंडागांव में 7 करोड़ रुपए की बंदरबांट भ्रष्टाचार के संबंध में सवाल खड़ा करते हुए भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को मोहन मरकाम ने आईना दिखाने का काम किया है। अपने ही सरकार पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाकर मोहन मरकाम ने सच्चाई को छग की जनता के समाने लाने का काम किया जिस पर सरकार को आत्मावलोकन और आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा अभी हाल में ही हमारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बस्तर दौरे के दौरान बीजापुर में डीएमएफ फंड का 14000 करोड़ रूपया का बंदरबांट कर भ्रष्टाचार करने तथा ठेकेदारों को विशेष फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया था। जिसमें डीएमएफ फंड का उपयोग खनन से प्रभावित समुदाय और क्षेत्रों के हित और लाभ के लिए काम करने गैर लाभकारी ट्रस्ट है। जिसका उद्देश्य खनन प्रभावित समुदायों में आर्थिक लचीलापन लाने की तरफ सरकार को देखना चाहिए बजाय इस राशि की दुरुपोय और भ्रष्टाचार किया जा रहा है मानो एक प्रकार से प्रदेश में डीएमएफ फंड राशि को लूटने की छूट मिली हो। मोहन मरकाम के आरोपों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की जाए और दोषियों की विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग जेसीसी करती है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने मस्तूरी ब्लॉक में आज से लगेंगे शिविर

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड मस्तूरी के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर की श्रृंखला आयोजित की गई है। शिविर में किसानों के ईकेवायसी आधार सीडिंग और नो लैंड सीडिंग का कार्य पूर्ण कराए जाएंगे। इस दौरान किसानों को पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। मस्तूरी विकासखण्ड के 165 ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 16 मार्च को मस्तूरी में शिविर का शुभारंभ होगा जो 13 अप्रैल तक चलेगा। इसके लिए ग्राम एवं तिथिवार प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि वे शिविर में अधिक से अधिक पहुंचे और योजना का लाभ उठावें।

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया से अवगत हुए नौजवान

बिलासपुर/नवप्रदेश। युवाओं को अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के निदेशक कर्नल नरेन्द्र प्रसाद ने ऑनलाइन पंजीयन एवं भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना में भर्ती के लिए इस साल का यह पहला एवं अंतिम मौका है। भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण में सभी उम्मीद्वारों के लिए नामित केन्द्रों पर ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा होगी। इसके लिए प्रदेश के तीन शहर रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई में सेंटर बनाए गए हैं। दूसरे चरण में भर्ती रैलियों के दौरान उत्तीर्ण उम्मीद्वारों के लिए शारीरिक उपयुक्तता जांच होगी और तीसरे चरण में चिकित्सा जांच की जाएगी। युवाओं के उत्साह को देखते हुए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि को बढ़ाकर 20 मार्च किया गया है। इस बार भर्ती प्रक्रिया में तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को बोनस अंक भी दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक लोग पंजीयन कराएं और भर्ती रैली में शामिल हों। जिला रोजगार अधिकारी अमरचंद्र पहारे ने बताया कि सेना में भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय में अवकाश के दिनों में भी आवेदन जमा करने के साथ ही निःशुल्क ऑनलाईन पंजीयन की सुविधा युवाओं को दी जाएगी। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आशीष पाण्डे, रिटायर्ड केप्टन वाई श्रीनिवास, सहायक संचालक स्कूल शिक्षा पी. दासरथी, शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था से परितोष वाजपेयी, आर.के. कश्यप, एस.एन.पाण्डेय, पी.के. चन्द्रा एवं युवा उपस्थित थे।

दो शिकारियों की तलाश में जुटी वन विभाग की टीम

बिलासपुर/नवप्रदेश। सोठी सर्किल के बिटकुला में जंगली बिल्ली व बिज्जू शिकार के मामले में फरार शिकारियों की तलाश शुरू हो गई है। सोठी सर्किल के ही प्रभारी को टीम बनाकर आरोपितों को पकड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। बुधवार को टीम शिकारियों के घर, गांव व स्वजन से पूछताछ करती रही। हालांकि अभी किसी तरह सुराग नहीं मिला है। लेकिन, यह उम्मीद जताई जा रही है कि एक या दो-दिन में दोनों शिकारी भी वन विभाग के गिरफ्त में होंगे। घटना सोमवार की है। मंगलवार को घेराबंदी कर नौ शिकारियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से लाठियां भी बरामद हुईं। हालांकि सभी को एक साथ पकड़ने की हड़बड़ी में दो शिकारी कमल व भरतराम मौके से भाग निकलने में सफल रहे। पकड़े गए शिकारियों से ही पूछताछ करने पर दोनों की पहचान हुई है। वन विभाग ने नौ शिकारियों के साथ-साथ इन दोनों के खिलाफ भी अपराध दर्ज किया है। इसलिए उन्हें पकड़ने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। हालांकि वह गांव में नहीं है। इसकी पुष्टि जांच के दौरान हुई है। ऐसे में वह अपने किसी रिश्तेदार या फिर मित्र के घर में छिप सकते हैं। वह किन-किन जगहों पर जा सकते हैं कि इसकी जांच पड़ताल वनकर्मी कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें सफलता नहीं मिली है। इस घटना ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल पकड़े गए नौ शिकारी और फरार दोनों आरोपित जांजगीर- चांपा जिले के हैं। यहां से सभी केवल वन्य प्राणियों का शिकार करने के लिए बिटकुला पहुंचे थे। दूसरे जिले के शिकारियों की सक्रियता से विभागीय अमला परेशान है। जांच के दौरान यह खंगालने का भी प्रयास किया जा रहा है कि कहीं स्थानीय लोगों की तो उन्हें सह नहीं है। हालांकि अभी ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

सगाई से पहले युवती को पकड़कर काट दी कलाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीपत क्षेत्र में रहने वाली युवती की शादी कोरबा जिले में रहने वाले युवक से तय हुई है। तीन दिन बाद उसकी सगाई होने वाली है। इससे पहले दो लड़की और एक लड़के ने उसे सुनसान जगह पर रोककर कोरबा में शादी करने से मना किया। इसका विरोध करने पर एक लड़की ने युवती को पकड़ लिया। वहीं, दूसरी लड़की ने ब्लेड से युवती की कलाई काट दी। घटना की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सीपत क्षेत्र में रहने वाली युवती की कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में शादी तय हुई है। तीन दिन बाद 17 मार्च को सगाई होनी है। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि सोमवार की दोपहर काम के बाद वह गांव के तालाब गई थी। नहाने के बाद युवती घर लौट रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार एक युवक और दो युवती वहां आए। उन्होंने युवती को रोक लिया। एक लड़की ने कटघोरा क्षेत्र में शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान एक लड़की ने सामने से युवती का हाथ पकड़ लिया।

मरीजों की सुविधाओं का रखें पूरा ध्यान : कलेक्टर

- **कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण**
- **पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों के बेहतर देखभाल के दिए निर्देश**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को मरीजों का इलाज पूरी संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने अस्पताल में ओपीडी कक्ष, आईसीयू कक्ष, महिला-पुरूष मरीज वार्ड, शिशु वार्ड और पोषण पुनर्वास केंद्र, एचडीयू वार्ड, आई वार्ड, आईसोलेशन वार्ड, सर्जरी वार्ड, ब्लड बैंक सहित विभिन्न कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल भी पूछा। मरीजों से इलाज एवं दवाईयां आदि की समुचित उपलब्धता के साथ-साथ शौचालयों की सफाई के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर ने ओपीडी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मिलने वाले इलाज की जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि आभा ऐप के माध्यम से ओपीडी जांच के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। ऐप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने पर अनावश्यक लाईन में लगने की आवश्यकता नहीं होती है। एचडीयू वार्ड में भर्ती बच्चों के परिजनों से बच्चों की बीमारी और उन्हें उपलब्ध कराये जा रहे इलाज के संबंध में चर्चा की। वार्ड में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर्स से बच्चों के बीमारी के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। परिजनों से बच्चों के टेस्ट, दवाई और भोजन के बारे में पूछा। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ने बताया कि 15 बच्चों की क्षमता वाले इस पोषण पुनर्वास केंद्र में फिलहाल 7 बच्चों की देखभाल की जा रही है। कलेक्टर ने मीनू के हिसाब से बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की जानकारी परिजनों से ली। उन्होंने बच्चों के लिए प्ले एरिया में खिलौने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों की बेहतर देखभाल और वातावरण उपलब्ध कराने कहा।

अरपा बेसीन विकास प्राधिकरण के कार्यालय का शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने आज मुंगेली रोड पर पुराने कमिश्नर कार्यालय में नवगठित अरपा बेसीन विकास प्राधिकरण के कार्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने विधिवत् पूजा अर्चना एवं फीता काटकर सर्व सुविधायुक्त नये कार्यालय को प्राधिकरण के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को सौंपी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि अलग से नये कार्यालय मिल जाने से मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप अरपा नदी को पुनर्जीवित करने के कार्यों में तेजी आयेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने की।

मुख्य अतिथि प्रदीप शर्मा ने इस मौके पर कहा नये स्वरूप में प्राधिकरण का दायरा काफी बढ़ा है। पहले केवल नगरीय सीमा में कोनी से दोमुहानी तक सौंदर्यीकरण एवं विकास की जिम्मेदारी थी। लेकिन नये स्वरूप में सम्पूर्ण अरपा बेसीन में जल

संरक्षण एवं पर्यावरण को अक्षुण्ण रखने के कामों की एकीकृत मॉनीटरिंग एवं समन्वय की जिम्मेदारी दी गई हैं। उन्होंने बताया कि इस साल विधानसभा में प्रस्तुत बजट में छोटे-बड़े 20 से ज्यादा परियोजनाओं की मंजूरी प्रदान की गई है। इन तमाम योजनाओं का मुख्य लक्ष्य अरपा नदी को सदानीरा स्वरूप में लेकर आना है। यह काम केवल सरकारी एजेन्सियों के सहयोग से नहीं बल्कि इसमें जनसहभागिता जरूरी है। उन्होंने अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभयनारायण राय सहित सदस्य नरेन्द्र बोलर, महेश दुबे एवं आशा पाण्डेय को बैठने के लिए कक्ष सौंपकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

लोगों ने कलेक्टर को अपनी समस्याओं से कराया अवगत

- **2473 प्रकरणों में से अब तक 2101 प्रकरण हुए निराकृत**

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में जिले के 133 आवेदकों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर राहुल देव ने बारी-बारी से आवेदकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारी को गंभीरतापूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। माह अगस्त से अब तक 2473 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 2101 आवेदन निराकृत किया जा चुका है। कलेक्टर ने अधिकारियों को शेष आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए जांच उपरांत शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम खरसोला के ग्रामीणों ने अतिरिक्त ट्रासंफार्मर लगाने, ग्राम जरहागांव के ग्रामीणों व नागोपहरी के नंदराम अंचल ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम जंगलपुर के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने, ग्राम भुरका के टावरी बाई ने आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम उमरिया के वेद प्रकाश ने राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार कराने, ग्राम कुरानकापा के ग्रामीणों ने ग्राम की गली में नाली निर्माण कराने, ग्राम बाबूटोला के प्यारसिंह ने वन अधिकार पट्टा दिलाने, ग्राम बिरगांव के सरपंच ने मवेशी बाजार को पुनः चालू कराने, ग्राम झझपुरीकला के मोतीराम ने जमीन का सीमांकन कराने और ग्राम फुलवारीकला की द्रौपती ने सामाजिक पेंशन का लाभ दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने भी आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर , संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

युवा कृषकों को समृद्ध बनाएगी पान और मसालों की खेती

बिलासपुर/नवप्रदेश। पान के दीवाने सभी गांव-शहर में मिल जाएंगे। पूजा से लेकर दवा बनाने में इसका प्रयोग होता है। फिर भी पान की खेती कुछ ही स्थानों में होती है। ऐसे में कृषि विज्ञानियों ने जिले के युवा कृषकों को लेकर बड़ी बात कही है। जिले में पान की खेती करने की असीम संभावनाएं हैं। मसाला व सुगंधित फसलों की खेती कर युवा अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर में मंगलवार से दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। छत्तीसगढ़ राज्य में मसाला एवं सुगंधित फसलों की क्षमता एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में कृषि विज्ञानियों ने कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा ने बताया कि भारतवर्ष में औषधीय, मसाला एवं सुगंधित पौधों का इतिहास काफी पुराना है। चिकित्सा एवं सुगंध के लिए इन पौधों का उपयोग लंबे समय से होता रहा है। इसके व्यापक एवं व्यावसायिक कृषिकरण के साथ जन सामान्य में जितनी रुचि वर्तमान में जागृत हुई है, उतनी संभवतः पहले कभी नहीं हुई थी। मुख्य फसल की अपेक्षा मसाला फसलों से ज्यादा आय प्राप्त होती है। राज्य में धनिया एवं करायल की खेती पर विशेष जोर देना होगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने कैंसर प्रतिरोधक धान की किस्में विकसित की है।

रविन्द्र सिंह मॉ शितला के पूजा आरती में हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह मॉ शितला के पुजा आरती कर नगर प्रदेश व देशवासियों के खुशहाली व स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना किये। बिलासपुर के बिनोबानगर दुर्गा पुजा पण्डाल मे प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मॉ शितला के मुर्ति स्थापित कर विधी विधान से वार्ड व नगरवासीयो के साथ बंगाली समिति के सदस्यो ने पुजा अर्चना कर सभी परिवार के सदस्यो को निरोगी रखने प्रार्थना किये। इस अवसर पर नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद रविन्द्र सिंह ठाकुर समिति के सरंक्षक सुब्रत बनर्जी समाज सेवक शिवा मुदलियार विकास गोलदार अमित चक्रवर्ती संगीत मोईत्रा जिवन घोष आशीष मजुमदार बारीक विश्वास राजा दत्त सुब्रत बनर्जी अशोक कुमार अजय राय प्रशांत पाण्डेय बब्लु केशरवानी मुकेश दुबे पिकु मिश्रा सोहेल शर्मा रितिक सिंह वरुण दास सुनित राय सलील मुखर्जी आदि भक्त जन उपस्थित थे। जो पुजा बाद भोग प्रसाद वितरण कर स्वम भी ग्रहण किये।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

- **जनदर्शन में 140 से ज्यादा मामलों की सुनवाई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर सौरभ कुमार ने आमजनों, ग्रामीणों, किसानों एवं शहर सहित आसपास क्षेत्रों से आए लोगों से मुलाकात उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण किया। कलेक्टर द्वारा तत्काल निराकृत हो सकने वाली समस्याओं का तुरंत ही समाधान किया गया। साथ ही कुछ आवेदनों को टीएल में पंजी करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने आज लगभग 141 आवेदकों की समस्याएं सुनी।

जनदर्शन में अपनी समस्या लेकर पहुंचे मस्तूरी विकासखण्ड के ग्राम धनिया निवासी प्रमोद जायसवाल ने मस्तूरी क्षेत्र के गांवों में निस्तारी के लिए कलेक्टर से खूंटाघाट नहर से पानी छोड़ने निवेदन किया। कलेक्टर ने इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खम्हरिया के किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत राशि का भुगतान नहीं होने की शिकायत की। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को आवश्यक जांच कर लंबित किश्तों की शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। ग्राम मुरू निवासी शत्रुहन धुरी ने बताया कि अरपा भैंसाझार बैराज परियोजना नहर निर्माण हेतु उनकी जमीन का भी अधिग्रहण किया गया है लेकिन मुआवजा राशि प्राप्त नहीं होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने इसे टीएल में लेते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। नवागांव निवासी शुल्केश धीवर ने जनपद पंचायत कोटा द्वारा मंच निर्माण में अनियिमितता की शिकायत करते हुए जांच की मांग की। इसे टीएल में लेते हुए सीईओ जनपद पंचायत कोटा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम चपोरा निवासी दिव्यांग श्रीमती कल्पना पोर्ते ने बैटरी चलित ट्राईसायकल के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने मामले को समाज कल्याण विभाग को सौंपा।

होली मिलन समारोह का जिपं अध्यक्ष ने किया आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, रसोईया, बिहान समूह की समस्त महिलाएं आदि विशेष रूप से शामिल हुयी। सभी ने एक दूसरे पर रंग लगाकर होली पर्व की बधाई दिये। समारोह के पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी चंद्राकर के नेतृत्व में रैली निकालकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका मितानिन व रसोईयो ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हम बहनों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है इस साल का होली का पर्व कई गुना खुशी लेकर आया है। जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गांव गरीब किसान के साथ-साथ सरकार का अंग बनकर काम करने वाले छोटे छोटे कर्मचारियो के आर्थिक स्थिति को सुधारने का काम जो पिछले सरकारों ने नही किया वो हमारी सरकार ने किया है। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार ने वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुये आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय 10 हजार, सहायिका का पांच हजार, रसोईयो का 18 सौ, विद्यालय सफाई कर्मियों को 28 सौ मितानिन बहनों को पूर्व में दी जा रही प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त राज्य मद से 22 सौ रुपए प्रतिमाह देने का प्रावधान किया। इसके साथ साथ प्रदेश के लाखो बेरोजगार युवाओ को 25 सौ रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का ऐलान किया गया है।

रोजगार मेला कल, 300 पदों पर की जाएगी भर्ती

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 17 मार्च को सवेरे 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 19 निजी प्रतिष्ठानों द्वारा सेल्स असिस्टेंट, सेल्स मैनेजर, एकांउटेंट, इंश्योरेंस एडवाईजर, नर्सिंग, फार्मेसी आदि जैसे 300 विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी, जिसमें से 206 पद महिलाओं के लिए है। रोजगार मेला में महिलाओं के लिए पृथक से काउंटर की व्यवस्था रहेगी। रोजगार मेला में बिल्डर, ऑटोमोबाईल, हास्पिटल, इंश्योरेंश, कृषि एवं शैक्षणिक सेक्टरों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए निर्धारित योग्यता पदों के अनुसार 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, आई.टी.आई., नर्सिंग, एम.बी.ए. आदि निर्धारित की गई है।

शीतला अष्टमी की पूजा शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। शीतला अष्टमी की पूजा बुधवार से प्रारंभ हो गई। सोनारपारा स्थित मां शीतला मंदिर में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु माता का श्रृंगार-पूजन करने के साथ ही एक दिन पूर्व बना भोजन अर्पित किया। विभिन्न समाजों के द्वारा मनाये जाने वाले इस पर्व की शुरूआत प्रारंभ हो गयी है।

माता से सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भक्तों ने माता की आरती की। सुबह से शाम तक मंदिर में पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। मां शीतला की पूजा करने की परंपरा के मुताबिक कुछ समाज के द्वारा सप्तमी तो कुछ समाज के द्वारा अष्टमी की तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। नगर में सभी समाजों के द्वारा इस पर्व को मनाया जाता है। सबसे पहले मारवाड़ी समाज के लोग इस त्यौहार के अवसर पर मंगलवार को सुबह से ही मंदिर में माता की पूजा करने के लिए श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर के पुजारी निक्की जोगी ने बताया कि होली के बाद आने वाली सप्तमी व अष्टमी की तिथि को लोग मां शीतला की पूजा करते है। इस पर्व का सभी समाज में विशेष महत्व है। परदेशी समाज द्वारा बुधवार को शीतला अष्टमी जिसे बसौड़ा अष्टमी भी कहा जाता है, मनाया गया। शीतला अष्टमी के दिन बासी खाना खाने का रिवाज है। होली के बाद आने वाली अष्टमी के दिन मनाई जाती है। महिलाओं ने व्रत करते हुए माता की पूजा की, पूरे दिन व्रत के बाद एक दिन पूर्व बनाया गया भोज प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगी। मान्यता है कि मां शीतला भीषण गर्मी में होने वाले रोगों से बचाती है। महिलाओं ने अपने घर परिवार के स्वास्थ्य के मंगल कामना करते हुए यह पर्व मनाया गया।

यादव समाज द्वारा होली मिलन समारोह एवं समीक्षा बैठक संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। देशहा यादव समाज नवागढ़ राज एवं जिला मुंगेली के तत्वाधान में कुंड़ा पूजा समारोह एवं होली मिलन समारोह के साथ ही समाज का चिंतन व समीक्षा बैठक स्थानीय श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर खर्राघाट में रखा गया था। जिसमें समाज के गौटिया अंतराम यादव गोरखपुर, लखन लाल यादव झगरहठा, गुल्लू यादव मजगांव पारा, रामेश्वर यादव रामगढ़, देवीशंकर यादव उमरिया, देवान हंसराम यादव गुना, कांशी जुल्लू यादव टेढ़ाधौंरा, बड़कू यादव पुलपारा के संरक्षण एवं उपस्थिति में विधिवत कुंड़ा पूजा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें नवागढ़ राज के क्षेत्र भर से विभिन्न गांवों से आए हुए कुंड़ा का पूजा भगवान श्रीराधाकृष्ण के समक्ष पूरे विधि विधान से किया गया।

नवागढ़ राज यादव समाज के द्वारा पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह तथा उमंग के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें उपस्थित यादव बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल से सराबोर करते हुए सभी के खुशहाली व समृद्धि के लिए मंगलकामना करते हुए शुभकामनाएं दी। कुंड़ा पूजा समारोह व होली मिलन समारोह के साथ ही यादव समाज के चैमुखी विकास व अपने अधिकार प्राप्ति के लिए कुछ आवश्यक प्रस्ताव पारित करने चिंतन व समीक्षा बैठक भी रखा गया। जिसमें मुख्य रुप से समाज में आए हुए प्रस्ताव के आधार पर कुछ आवश्यक निर्णय लिए गए तथा गौठान समिति में यादवों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किए जाने हेतु शासन के समक्ष मांग रखे जाने का भी निर्णय लिया गया। जिससे गौ पालन से वर्षो से जुड़े हुए यादवों को उनका अधिकार प्राप्त हो सके। इस अवसर पर समाज के समक्ष रखे गए व्यक्तिगत, पारिवारिक व अन्य सामाजिक समस्याओं पर चर्चा कर उनका उचित निराकरण भी किया गया। जिसमें श्यामू यादव कंतेली के समस्याओं का निराकरण प्रमुख रहा तथा अन्य समस्यामूलक विषयों को समयाभाव के कारण आगामी बैठक के लिए चर्चा प्रस्तावित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में राज समिति के संयोजक श्रीराम सिरिया यादव बड़ा बाजार, अध्यक्ष हरि गुड्डू यादव रावणभाठा, सचिव संतोष कुमार यादव दाउपारा, कोषाध्यक्ष भरत यादव बोधीपारा, सह सचिव जलेश्वर बिल्लू यादव रावणभाठा, नीरज यादव दाउपारा, महामंत्री शिवरात यादव धरमपुरा, लालजी यादव मानपुर, संगठन प्रमुख अशोक यादव मानपुर, महेश यादव रामगढ़, प्रचार मंत्री अघनू यादव दुलहिनबाय के साथ ही गणेश यादव बरैहा धौराभाठ, रूपचंद यादव छटन, नरेश यादव कंतेली, छेदी यादव लैकुड्डुम, बाबूराम यादव जमकोर, श्यामू यादव कंतेली, जवाहर यादव इंदलपुर, मैना यादव सोनपुरी, गणेश यादव कोदवाबानी, ईश्वर यादव करूपान, नरेश यादव नवापारा, सिद्धार्थ यादव बड़ा बाजार, चीनू यादव बड़ा बाजार, राजू यादव पुलपारा, परदेसी यादव प्रतापपुर, घनश्याम यादव पीपरपारा, तिहारी यादव भरूहागुड़ा, कलश यादव नवागांव टे, कलम यादव बघनीकापा, गन्नू यादव रावणभाठा, रामप्रसाद यादव जमहा, अवध यादव प्रतापपुर, बोधन यादव लालाकापा, सरोज यादव नुनियाकछार, अजीत यादव बड़ा बाजार, दिलीप यादव, छेदी यादव पुलपारा, सोनू यादव, शेरा यादव, रंजीत यादव, राजू यादव दाऊपारा, गणेश यादव चरघट, इतवारी यादव मोहतरा, माखन यादव झगरहठा, विष्णु यादव विश्वनाथ यादव बरईदहरा, रोहित यादव करूपान सहित बड़ी संख्या में यादव जन उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

हेमंत और नरेन्द्र को मिली प्रोत्साहन राशि

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को समानता का अधिकार दिलाने हेतु अथक प्रयासरत हैं, इसी तारतम्य में दंतेवाड़ा जिला में समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना क्षितिज अपार संभावनाएं योजना अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राएं जो उच्च शिक्षा में अध्ययनरत हैं, उन्हें विशेष प्रोत्साहन राशि दिया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत समाज कल्याण विभाग उप संचालक श्री संतोष टोप्पो के द्वारा नगरपालिका किरंदुल चंद्रशेखर वार्ड क्रमांक-07 निवासी नरेंद्र कुमार देवांगन जो अस्थि बाधित दिव्यांग से पीड़ित है, और वर्तमान में छात्र भिलाई में इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है, उन्हें एकमुश्त 12 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किया गया। इसी तरह गीदम विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिंजाम के दिव्यांग हेमंत नेताम को 6 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। राशि प्राप्त होने से छात्रों ने शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया।

भाजपा के विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए हजारों हितग्राही व कार्यकर्ता

सूरजपुर/नवप्रदेश। मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन के तहत रायपुर विधानसभा घेराव मे सूरजपुर जिले के दो हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए।भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल,पूर्व विधायक रजनी त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल ,नपा उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता के नेतृत्व में जिले भर के भाजपा कार्यकर्ता व प्रधानमंत्री आवास योजना के वंचित हितग्राही बड़ी संख्या में विधानसभा घेराव में शामिल होने रायपुर पहुंचे।प्रदेश मे कांग्रेस सरकार आने के बाद जिस प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का पैसा रोक दिया गया जिससे पंद्रह लाख से अधिक हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हो गए हैं। इसे लेकर हितग्राहियों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आंदोलनकारियों में पुरुषों के अलावा बड़ी संख्या मे महिला हितग्राही भी शामिल हुई।सूरजपुर जिले के सुदूर बिहारपुर,ओड़गी,प्रेमनगर प्रतापपुर, सहित भाजपा मंडल रामानुजनगर, देवनगर, सूरजपुर शहर व ग्रामीण, विश्रामपुर,लटोरी, शिवनंदनपुर,जरही, भटगांव भैयाथान क्षेत्र से आवास योजना के हितग्राही व भाजपा कार्यकर्ता ट्रेन व बसों से रायपुर पहुंचकर आंदोलन में शामिल हुए।

पुलिस ने किया अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा सप्ताह की शुरुवात

कोंडागांव/नवप्रदेश। महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए जिले की पुलिस द्वारा 13 से 19 मार्च तक अभिव्यक्ति जागरूकता सप्ताह चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में आज थाना कोंडागांव परिसर में स्थानीय महिला जनप्रतिनिधियों के मुख्य आतिथ्य में ख्याति प्राप्त महिलाओं को आमंत्रित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी श्री शोभराज अग्रवाल द्वारा बताया गया कि इस जागरूकता सप्ताह में पुलिस की महिला टीम कार्यक्रमों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध की रोकथाम पर चर्चा करेगी, महिलाओं और बच्चों को उन पर घटित अपराधों, महिलाओं को उनके अधिकार, संरक्षण, साइबर सुरक्षा, समानता एवं शिक्षा के संबंध में एवं जनप्रतिनिधि, महिला स्टाफ नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं व कामकाजी महिलाओं को विविध महिला संबंधी अपराधों से बचाव व सावधानियों के बारे में बताया गया । अपराध घटित हो जाने पर कहां और कैसे मदद प्राप्त करें इसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। छेड़खानी की <None> मरकाम, पार्षद तबस्सुम बानो, कोंडागांव नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य अनिता सोनी, शिक्षिका रुकमणी नेताम, पुष्प लता कुलदीप एवं पुलिस विभाग से निरीक्षक प्रतिभा मरकाम, निरीक्षक भीमसेन यादव थाना प्रभारी कोंडागांव, उपनिरीक्षक नमिता टेकाम, सहायक उपनिरीक्षक अनीता मेश्राम, सहायक उपनिरीक्षक सागरबती सोरी एवं पुलिस के अन्य महिला स्टाफ उपस्थित रहें।

संयुक्त कलेक्टर ने किया उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बड़गांव का निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बड़गांव का संयुक्त कलेक्टर अंजोर सिंह पैकरा ने अवलोकन किया। उन्होंने कक्षा 11वीं के सभी विद्यार्थियों को हिन्दी विषय, व्याकरण और मात्राएं के संबंध में जानकारी लिया तथा पढ़ाई करने के साथ ही अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर अपने माता-पिता और जिले का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय की नियमित साफ सफाई एवं समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण कराने के लिए निर्देश दिये।

संयुक्त कलेक्टर ने शाला प्रबंधन समिति की बैठक लेकर सदस्यों को नियमित बैठक आयोजित करने तथा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संकुल प्राचार्य एवं शैक्षिक समन्वयक को नियमित शालाओं का निरीक्षण कर टीप अंकित करने तथा विद्यालय से बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर शिक्षकों का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन की नियमित जांच करने के निर्देश दिये। बाजार दिवस दोपहर के बाद अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी देने के निर्देश भी उनके द्वारा दिया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक आर पी मीरे, बीआरसी प्रवीर कृष्ण बाला और संकुल समन्वयक आरएन शर्मा उपस्थित थे।

आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे पुलिस अधीक्षक

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने मंगलवार को रामानुजनगर थाने का औचक निरीक्षण किया। थाना में लंबित अपराध एवं शिकायतों के बारे में थाना प्रभारी से जानकारी लेते हुए निकाल में धीमी गति होने पर विवेचकों को सख्त लफ्जों में जल्द व विधिसम्मत निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाने में बनाए गए महिला हेल्प डेस्क को देखा। वहीं थाने के अंदर रंग-रोगन कराने के भी निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान ही एक व्यक्ति थाना पहुंचा था जिसकी शिकायत को पुलिस अधीक्षक ने सुना और थाना प्रभारी को त्वरित एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण करने एवं अभियान चलाकर लंबित स्थाई वारंट की तामिली करने की हिदायत थाना प्रभारी सहित स्टाप को दिए। उन्होंने थाना के रजिस्टरों, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टि आदि को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा सहित थाना के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

संघ ने शिक्षकों की समस्याओं से डीईओ को कराया अवगत

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला कोण्डागांव में परामर्शदात्री समिति की बैठक अशोक पटेल जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव की अध्यक्षता में आहूत कि गई थी जिसमे जन्हा छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ,शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन, चतुर्थ वर्ग लघु वेतन कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ,जन्हा उन्होंने कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लिखित रूप में अवगत कराया। जिसमे जिले के प्राथमिक शाला में रिक्त पदों पर अविलंब पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ किया जावे लिपिकीय त्रुटि के कारण पदोन्नति से वंचित हुए हैं उन शिक्षकों की सूची संभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराएं, समय मान वेतन हेतु शिक्षा

कर्मी रहते सात वर्षो के अधिक वर्षो का एरियर्स राशि भुगतान किया जावे, एलबी संवर्ग का पुरानी पेंशन देय तिथि से जीपी एफ पासबुक संधारण किया जावे, सर्विस बुक संधारण के लिए समय समय पर शिविर का आयोजन हो, विभिन्न अवकाशों का लंबित भुगतान अविलंब हो, उच्च शिक्षा अनुमति एवं अनुमति से वंचित संवर्ग को कार्योत्तर अनुमति प्रदान किया जावे, एकल शिक्षकीय शालाओं में पदोन्नति में पहली प्राथमिकता दी जावे, एलबी संवर्ग के सर्विलियन तिथि एवं विभाग में त्रुटि को सुधार कर संशोधित आदेश जारी किए जाएं के साथ साथ विभिन्न संगठनों ने भी अपनी अपनी मांग रखी, छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक के मांगों पर समय सीमा में समाधान मूलक कार्यवाही कर संगठनों को अवगत कराये जाने का भरोसा दिलाया।

बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के सम्भागीय अध्यक्ष शिवराज ठाकुर,जिला अध्यक्ष कौशल नेताम,जिला उपाध्यक्ष श्रवण मरकाम, जिला प्रवक्ता रोशन हिरवानी, मीडिया प्रमुख रामदेव कौशिक, महेश पटेल, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन,छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, टीचर एसोशिएशन, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फ़ेडरेशन, शिक्षक वेलफेयर, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, राजपत्रित संघ, लिपिक संघ वाहन चालक संघ , सीएसी संघ के साथ अन्य संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

रिश्तेदार ने पीड़िता को मेला घुमाने के बहाने अपने घर ले जाकर किया अनाचार

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के बासकोट चौकी के अंतर्गत विधि से संघर्षरत बालक ने पीडिता को मेला घुमाने के बहाने अपने घर ले जाकर अनाचार करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले कि जानकारी देते चौकी प्रभारी विवेक सेंगर, ने बताया कि प्रार्थीया ने चौकी बांसकोट आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके भाई का बेटा उसके घर में माह जनवरी 2022 में काम करने आया था और ईटा बनाने का काम करता था। प्रार्थीया के घर आए विधि से संघर्षरत बालक ने प्रार्थीया की बेटी को मेला घुमाने अपने गांव लेकर गया। लगभग एक महिना बीत जाने के बाद प्रार्थीया अपनी लड़की को लाने भेजी तो विधि से संघर्षरत बालक की मॉ बोली कि लड़की उसके बेटे के साथ गांव गई है व कुछ दिन और यहां रूकना चाहती है। कुछ दिन बाद विधि से संघर्षरत बालक ने शादी करूंगा बोलकर जबरदस्ती पीडिता के साथ संबंध बनाया। उस दिन के बाद से लगातार पीडिता के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा, जिससे पीड़िता 09 माह के गभर्वती हो गई व विधि से संघर्षरत बालक घटना के बाद से कहीं भाग गया के प्रार्थीया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध कर धारा 366,376(2) (ढ) भादवि., 06 पास्को एक्ट विवेचना में लेकर कार्यवाही करते हुये विधि से संघर्ष रत बालक का लगातार पता तलाश कर उसके निवास में पुछताछ किया गया जो अपराध करना कबुल करने से विधि से संघर्षरत बालक का सामाजिक पृष्ठ भूमि रिपोर्ट पेश कर न्यायालय के आदेश से बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

खुशियां भरी रही दीदियों की होली हर्बल गुलाल बेचकर कमाएं 50 हजार

■ मेहनत से बिखरे सफलता के रंग

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बदलाव ही प्रकृति का नियम है इसी को सच कर दिखाती महिलाएं अब पारंपरिक रीति-रिवाजों की बेड़ियों को तोड़ अब आत्मविश्वास के साथ सफलता की कहानी लिख रहीं हैं। इसी तरह दंतेवाड़ा जिले की महिलाएं भी अब चूल्हा, चौका, घूंघट से निकल रोजगार के क्षेत्र में किस्मत आजमा रहीं हैं, साथ ही महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी पेश कर रही हैं। जिले में विगत पांच वर्ष से हर्बल गुलाल को प्रोत्साहन देने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा के द्वारा जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये रंग प्राकृतिक फूल से तैयार किया जाता है जिसमें गुलाल बनाने हेतु आरारोट पावडर के साथ विभिन्न रंग के लिये हमारे आस-पास उपलब्ध प्राकृतिक रंगों

के स्त्रोत जैसे हल्दी, सिन्दूर बीज, पालक भाजी, सेम की पत्ती, गेंदा फूल, अपराजिता फूल, पलाश का फूल, कत्था एवं धंवई आदि का उपयोग किया जाता है। इस वर्ष भी कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा द्वारा 03 स्व-सहायता समूह ग्राम कारली से रानी स्व-सहायता समूह, ग्राम छोटे तुमनार से जयभैरम स्व-सहायता समूह एवं उरेंमारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। समूह में लगभग 30-35 दीदियां जुड़ी हुई हैं। समूह द्वारा 250 कि.ग्रा. हर्बल गुलाल का उत्पादन किया गया। गुलाल को प्रति किलोग्राम 200 रुपये राशि से बेचा गया। गुलाल के विक्रय होने से दीदियों ने 50 हजार रुपये का मुनाफा कमाया। समूह कि दीदियां कहती है कि आने वाले साल में इससे भी अधिक आय की आशा रखती है। इन महिलाओं को देख क्षेत्र के अन्य महिलाएं भी प्रेरित हो रही हैं और रोजगार से जुड़ रही हैं और परिवार का सहयोग कर रही हैं आज बदलते समय के साथ उन्होंने अपनी एक पहचान बना ली है, शासन प्रशासन के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष रूप से महिलाओं कि स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

कलेक्टर ने किया प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने जिले में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य नए सिरे से कार्य विभाजन किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री ललित आदित्य नीलम को निम्नलिखित विभाग, शाखाओं के लिए नोडल अधिकारी के रूप में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, पंचायत, जल संसाधन, सदस्य सचिव/जिला लोक शिक्षा समिति, खादी ग्रामोद्योग, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर/ समन्वयक, ग्राम पंचायत। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी), कौशल विकास (सी.एस.एस.डी.ए.), लाईवलीहुड कॉलेज। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण/ सी.एस.पी.डी.सी.एल./ क्रेडा,नोडल अधिकारी, नरवा, गरुवा, घुरवा एवं बाड़ी, पूना माड़ाकाल से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये प्रभार देखेंगे।

अपर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, न्याय निर्णयन अधिकारी खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, विशेष विवाह अधिकारी, अनुभाग दंतेवाड़ा/बचेली से उद्भूत अपील/पुनरीक्षण/पुनर्विलोकन प्रकरणों का निराकरण, वारिसान प्रमाण पत्र जारी करना, प्रथम अपीलीय अधिकारी सूचना का अधिकार अधिनियम, पूर्व कार्यवृत्त एवं चरित्र सत्यापन से संबंधित समस्त कार्यवाही, नगरीय क्षेत्रों में 7500 वर्गफीट तक अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन एवं भूमि स्वामी हक प्रदान करने हेतु प्रकरणों में नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही पूर्ण किये जाने संबंधी कार्य, नजूल शाखा के ऐसे प्रकरण जिसमें कलेक्टर के आदेश अनिवार्य न हो, अपर कलेक्टर के रूप में अंतिम निराकरण। प्रभारी अधिकारी वित्त/स्थापना/भर्ती, सांख्यिकी लिपिक शाखा (न्यायिक शाखा), जिला योजना एवं सांख्यिकी, जिला निर्माण समिति, केन्द्र परिवर्तित योजना। उपरोक्त शाखाओं को छोड़कर निम्नलिखित शाखाओं के लिए नोडल अधिकारी खनिज शाखा, खाद्य शाखा, जिला जेल/जिला सेनानी होमगार्ड, उद्योग, रोजगार, आबकारी, परिवहन, निर्माण विभाग, जिला कोषालय से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का भी निर्वहन करना होगा।

संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेन्द्र कुमार ठाकुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी,(सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन), जिला विभागीय जांच अधिकारी। प्रभारी अधिकारी विशेष केंद्रीय सहायता (एस.सी.ए.), प्रभारी अधिकारी परिक्षेत्र विकास निधि (सी.एस.आर.), जन सूचना अधिकारी प्रभारी अधिकारी अंत्यावसायी, सहायक पंजीयक/उप पंजीयक, माननीय मुख्यमंत्री के घोषणा पर कार्यवाही, नजूल अधिकारी दंतेवाड़ा/नजूल जांच शाखा, कलेक्टर के प्रस्तुतकार शाखा/अभियोजन, वरिष्ठ लिपिक 1,2, आवास आबंटन शाखा से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का भी निर्वहन करना होगा।

स्कूल, कॉलेज एवं समाज में जन जागरूकता अभियान चलाएं : कलेक्टर

■ जिला स्तरीय बाल संरक्षण टास्कफोर्स समिति की संयुक्त बैठक संपन्न

सूरजपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण समिति, जिला स्तरीय सलाहकार सह निरीक्षण समिति एवं जिला स्तरीय महिला एवं बच्चों के अवैद्य प्रवास को रोकने संबंधी मॉनिटरिंग समिति तथा जिला स्तरीय टास्कफोर्स लापता, गुमशुदा बच्चों के संबंध में बैठक कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में एजेण्डावार चर्चा किया गया।

शिक्षण सत्र 2022-23 में स्कुलों में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर चर्चा किया गया। बाल संरक्षण के

मुद्दों पर बच्चों में जागरूकता लाने हेतु जिले के स्कूलों में शिक्षण सत्र 2022-23 में बाल संरक्षण विषय पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा कुल 67 स्कूलों एवं समस्त महाविद्यालयों आयोजित किये गए। कलेक्टर ने नवीन शिक्षण सत्र 2023-24 में शिक्षा विभाग के समन्वय से रोस्टर तैयार कर शेष स्कूलो में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मोबाईल एवं नशे के दुष्प्रभाव की विशेष जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए साथ ही शिक्षा विभाग को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित किये जाने के निर्देश दिये।

बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम पर चर्चा, वर्ष 2022 में जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 की स्थिति में 32 बाल श्रम से बालको को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 2023 में 28 फरवरी 2023 तक बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त 03 बालकों की रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया है तथा उनका सामाजिक जॉच प्रतिवेदन हेतु फॉलोअप किया गया है। राज्य के बाहर से रेस्क्यू किये गये बाल श्रमिकों के फॉलोअप हेतु निर्देश दिये गये एवं श्रम विभाग द्वारा नियोक्ता के विरूद्ध की गई कार्यवाही से अवगत कराने हेतु निर्देश दिया गया। समस्त पंचायतों में पलायन पंजी संधारित करने एवं सतत् निगरानी करने हेतु समस्त जनपद पंचायतों को निर्देश दिये।

कलेक्टर आरा ने श्रम विभाग एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा जिले में चिन्हांकित क्षेत्रों का बालश्रम में लिप्त बच्चों का सर्वे करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बालश्रम को दूर करने के लिए अन्य विभागों से समन्वय कर जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए।

जिलों के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में मनाया जायेगा एनसीडी पखवाड़ा

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह एवं डॉ. दीपक जायसवाल जिला नोडल अधिकारी एन.सी.डी. के मार्गदर्शन में एन.पी.सी.डी. सी.एस. कार्यक्रम अंतर्गत 17 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक एन.सी.डी. पखवाड़ा जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्था, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों में मनाया जाएगा। इसके तहत जिलों के जनसंख्या में से 30 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की गैर संचारी रोग की स्क्रीनिंग एवं री स्क्रीनिंग एवं गर्भाशय मुख कैंसर के लक्षण युक्त मरीजों का भी वीआईए जांच करते हुए समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय में ई-संजीवनी कन्सलटेशन किया जाना है, तथा धनात्मक मरीजों का एनसीडी पोर्टल में एन्ट्री किया जाना है। डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला चिकित्सालय में गर्भाशय मुख के कैंसर के स्क्रीनिंग हेतु प्रशिक्षित डॉक्टर एवं स्टाफ नर्सों के द्वारा गर्भाशय, मुख के कैंसर मरीजों का वीआईए टेस्ट भी निःशुल्क प्रदाय की जा रही है तथा भविष्य में इसी सुविधा को विस्तार करते हुए सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के माध्यम से वीआईए टेस्ट भी निःशुल्क प्रदान की जायेगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बीजेपी के घेराव...

नारेबाजी शुरू कर दी गई। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

तीन साल में 55 हाथियों की मौत : छग में पिछले तीन सालों में 55 हाथियों की मौत हुई है। इनमें करंट से 14 हाथियों की जान गई। जिसमें 6 को शिकारियों ने करंट लगाकर मारा। इसकी जानकारी बुधवार को विस में वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के एक सवाल के जवाब में दी। अजय चंद्राकर ने अपने लिखित प्रश्न में पूछा था कि वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 में कितने हाथियों की मौत किन-किन कारणों से हुई है? जवाब में बताया है कि प्रश्नांकित अवधि में 55 हाथियों की मौत अलग-अलग कारणों से हुई है. इनमें से 14 हाथियों की मौत करंट से हुई है।

विस घेरने पहुंचे भाजपाई....

लगातार आगे बढ़ रही थी। घेराव शुरू होने से पहले ही भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 2 किलोमीटर पहले सड़क पर लगाई गई बैरिकेडिंग तोड़ दी थी। इसके बाद कार्यकर्ताओं की भीड़ पहुंची।

छग में शराब सिंडिकेट चल रहा : वहीं कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा-आज के घेराव से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की जनता बदलाव के मूड में है।

साव बोले-भीख नहीं...

आज किसान के लिए किसान क्रेडिट की शुरुआत हुई है तो उसकी शुरुआत भाजपा ने की है। ये सरकार अगले चुनाव में जाने वाली है। सरकार आवास योजना को लेकर झूठ बोल रही है।

सरकार खाली चोचलेबाजी ...

घेराव के मद्देनजर विधानसभा की ओर जाने वाले सभी रास्तों में बैरिकेडिंग लगाई गई है

बीजेपी के प्रदर्शन ...

योजना के विषय में कांग्रेस सरकार का परफ ॉरमेंस भाजपा शासित राज्यों से बेहतर है। गरीबों के मकान बनाने में भूपेश सरकार केंद्र सरकार से ज्यादा अंशदान दे रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा को गरीबों की आवास की चिंता होने लगी।

काम करके ईंट भट्ठे के...

6 श्रमिक गंगा राम बिसी (55 वर्ष), दशरथ बिसी (30 वर्ष), सोना चंद भोई (40 वर्ष), वरुण बरिहा (24 वर्ष), जनक राम बरिहा (35 वर्ष) और मनोहर बिसी (30 वर्ष) काम कर रहे थे। रात 12 बजे तक ईंट भट्ठे में काम चल रहा था। इसके बाद सभी श्रमिक शराब पीकर भट्ठी के ऊपर लेट गए। ईंट भट्ठे से निकलने वाले धुएं से सभी बेहोश हो गए।

60 फीट गहरे बोरवेल ....

सप्लाई की गई थी. बोरवेल में जहां बच्चा फंसा था, उस तक वेब कैमरे भी पहुंचाए गए थे. बोरबेल और 49 फीट गहरे गड्ढे के बीच टनल बनाई गई. इससे ही बच्चे तक बचावकर्मी पहुंचे और उसे बाहर निकाला गया।

ठाकरे को एक ...

था, 'बालासाहेब मेरे भगवान हैं। ट्र शेष पृष्ठ 6 पर

एकनाथ शिंदे हिंदुत्व के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं। मुझे उस पर विश्वास है। उनके साथ पहले काम किया है और आगे भी मैं उसके साथ खड़ा रहूंगा। एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते में शिंदे से प्रेरित हूं।

नौकरी के बदले ...

कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित रेलवे के विभिन्न जोन में 2004-2009 के दौरान ग्रुप-डी पदों पर नियुक्त किया गया और इसके बदले में उन लोगों ने या उनके परिवार के सदस्यों ने प्रसाद और एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के नाम पर अपनी जमीन दी. बाद में इस कंपनी का स्वामित्व प्रसाद के परिवार के सदस्यों ने अपने हाथ में ले लिया था. यह भी आरोप लगाया गया है कि पटना में लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों ने पांच बिक्री सौदों, दो उपहार सौदों के माध्यम से 1,05,292 वर्ग फुट जमीन लोगों से ली. इसके लिए विक्रेताओं को नगद भुगतान करने को कहा गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 90/न.पा.नि./जोन क्रमांक 06/2022-23 — रायपुर, दिनांक 14/03/2023

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीयन/निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर)/फर्म एवं संस्था/एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है। कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 28/03/2023 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनॉक 05/04/2023 तक पंजीकृत डॉक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाये दिनांक 06/04/2023 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष खोली-जावेगी।

क्र.	कार्य का विवरण	अगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	पंजीयन/ एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत सरजूबांधा तालाब एवं सरजूबांधा उद्यान में कार्य करने हेतु 10 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य।	1474000.00	15000.00	750.00	श्रमविभाग एवं ई.एस.आई.सी. एवं कार्य से संबंधित अन्य आवश्यक पंजीयन होना अनिवार्य है।	12 माह
2	जोन क्रमांक 06 अंतर्गत स्थित विभिन्न कुओं की सफाई, जीर्णोद्धार एवं पुराने वृक्षों का सौन्दर्यीकरण कार्य ।	1302000.00	13100.00	750.00	PWD Building S.O.R. 01.01.2015	3 माह

-: निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्ते :-

- कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा ''अ'' में :-
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर (निविदा खोलने के दिनांक तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति। (2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति (4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षो का ITR (इनकम टैक्स रिटर्न) एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति ।

लिफाफा ''ब'' में :- (1) निविदा प्रपत्र

शर्तेः- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी. एस. टी. विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्ते कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

पकड़े गए तीन सटोरिए, 58 सौ रूपए जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना दाढी एवं थानखम्हरिया में 13 मार्च को सट्टा का 3 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपियों के विरूद्ध 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपीग सुशील कुमार बंजारे पिता केजू राम बंजारे उम्र 30 साल साकिन सुखाताल थाना दाढी, विनोद कुमार नारंग पिता भगवान दास उम्र 29 साल साकिन वार्ड नं. 01 खम्हरिया थाना खम्हरिया, इमरान खान पिता हफीज खान उम्र 23 साल साकिन वार्ड नं. 14 खम्हरिया थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा से सट्टापट्टी, पेन सहित नगदी रकम 5810 रूपये जप्त किया गया हैं।



जनचौपाल में पहुंची महिला का तत्काल बना राशनकार्ड

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले जनचौपाल में आज आवेदन लेकर पहुंची महिला उसके पुत्र के नाम तत्काल राशनकार्ड जारी किया गया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए लोगों की समस्याओं का मौंके पर समाधान भी किया। आवेदन लेकर पहुंची महिला गिरजा साहू पति चम्पेश्वर साहू कुरूद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम डांडेसरा की निवासी है। धमतरी जिले में इनके नाम पर प्राथमिकता राशनकार्ड जारी है। गिरजा अपने माता-पिता के पास गरियाबंद जिले में विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कोपरा में निवासरत हैं। उन्होंने अपने आवेदन में गरियाबंद जिले में राशनकार्ड की मांग की थी। इस आधार पर खाद्य अधिकारी धमतरी से संपर्क कर राशनकार्ड को तत्काल गरियाबंद स्थानांतरण किया गया। उक्त कार्ड को तत्काल जिले के ग्राम पंचायत कोपरा में संलग्न कर जारी किया गया। अब आवेदिका अपने निवास ग्राम से ही खाद्यान्न का उठाव कर सकेगी। उन्होंने जनचौपाल में तत्काल निराकरण के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया हैं।

नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित लखन लाल मिश्र की पुण्यतिथि अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन दिनाँक 16 मार्च 2023 को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा. शिविर से समीपस्थ ग्रामों के लोग लाभान्वित होंगे। शिविर में मोतियाबिन्द, पेट, हड्डी, किडनी, रक्तचाप, कैंसर, मूत्र आदि रोगों की जाँच व शल्यक्रिया विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क की जाएगी। शिविर अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री बीजेपी उपस्थित होंगे।

2 दिवसीय शाला सुरक्षा प्रशिक्षण संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। विकासखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शिक्षको का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा कार्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय व जनपद पंचायत कार्यालय भाटापारा मे दिनांक 11 एवं 12 मार्च को आयोजित किया गया जिसमे जिला परियोजना कार्यालय के मार्गदर्शन मे विकासखण्ड के अंतर्गत संचालित सभी शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल के 243 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर टेनर्स रमेश वर्मा, आजूराम वर्मा, हुबीराम वर्मा, मो.शेख नासिर, दिनेश वर्मा, श्रवण सिंगरौल, वीणा साहू व क्षिप्रा अग्रवाल के द्वारा विद्यालय क्षेत्र मे प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम की पहचान उनके दुष्प्रभाव को कम करने के उपाय शाला सुरक्षा कार्यक्रम को नियमित शिक्षण प्रक्रिया मे समाहित कर बच्चो मे आपदा प्रबंधन की संस्कृति विकसित करने विद्यालय परिसर को आपदा जोखिम से सुरक्षित रखने बच्चो के माध्यम से आपदा से सुरक्षा की स्थिति विकसित करने आपदाओ की रोकथाम विशेषकर आपदा पूर्व तैयारी एवं उसके प्रभाव को कम करने संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। हैजर्ड हंट जोखिम आकलन का कार्ययोजना तैयार करना शाला आपदा प्रबंधन समिति आपदा प्रबंधन दल गठन करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान भूकंप, बाढ, आगजनी, तूफान, सर्प दंश व बिच्छु के डंक मारने से बचाव और सुरक्षा के उपाय की जानकारी दी गई। शाला के अंदर शाला के बाहर के संसाधनो आपातकालीन संपर्क के तहत पुलिस स्टेशन अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक स्वास्थ्य के फोन नंबर की जानकारी दी। बालिकाओ के सुरक्षा संबंधी टिप्स दिये गये। बच्चो को सावधान करने का तंत्र विकसित करने संबंधित विशेष जानकारी दी। इस बीच एपीसी जहीर अब्बास भी शाला सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुये उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण मे सीखी हुई बातों को शत प्रतिशत बच्चों तक पहुंचाने के लिये निर्देश दिये गये। उक्त कार्यक्रम मे विकासखण्ड स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

भागवत कथा सुनने पहुंचे विजय

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम तोरा में साहू परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम में विजय बघेल डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम ने शामिल होकर कथाव्यास हिमांशु कृष्ण शास्त्री के मुख से कथा रसपान कर आशीर्वाद लिया।

ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित समाधान तुंहर दुआर शिविर ग्रामीणों के लिए सौगातों भरा रहा। शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों का परीक्षण कर मौके पर अनेक समस्याओं का निराकरण किया गया, जिससे ग्रामीणों में काफी हर्ष देखा गया। इसके अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बेलोदा, चिहरो, विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के खैरकट्टा, अरजपुरी, अर्जुंदा तहसील के ग्राम पंचायत ओडारसकरी, कुरदी, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जोरातराई, परसदा, सिर्री तथा मार्रीबंगला तहसील के मुढिया, परसुली में आयोजित शिविर में अपने मांगों एवं समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रतानुसार मौके पर ही हितग्राहियों का नया राशन कार्ड बनाने के साथ ही राशन कार्ड में नाम जोड़ा गया। इसके अलावा बी-1 नकल, बीज मिनीकिट, किसान पुस्तिका आदि का वितरण किया गया। ग्राम पंचायतो में आयोजित शिविरों में संबंधित हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत के सचिव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्बा के शासकीय स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का होगा निर्माण

- **संसदीय सचिव के प्रयास से मिली स्वीकृति, ग्रामीणों ने जताया आभार**

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कच्छारडीह के आश्रित ग्राम उल्बा के शासकीय स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से इसके लिए स्वीकृति मिली है। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

ग्राम उलबा के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि संसदीय सचिव के प्रयास से शासकीय स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति मिली है। यहां लंबे समय से स्कूल में एक अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस दिशा में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का ध्यानाकर्षित कराया गया है। जिस पर उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई। जिस पर मोहन सिंह ध्रुव, गुहान सिंह ध्रुव, महेंद्र दीवान, पीलाराम ध्रुव, भारत भूषण ध्रुव, धनीराम ध्रुव, गिरधारी प्रधान, बालमुकुंद ध्रुव, संतराम ध्रुव, सोम लहरे आदि ने संसदीय सचिव का आभार जताया है।

सीसी रोड सहित निर्माण कार्यों के लिए तीस लाख की स्वीकृति

संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर के प्रयास से महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में तीस लाख रूपए की लागत से सीसी रोड सहित निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम पंचायत लहंगर में दस लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत चुहरी में दस लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, प्री मैटिक आदिवासी बालक छात्रावास महासमुंद में पांच लाख की लागत से मरम्मत कार्य व आदिवासी कन्या आश्रम सिरपुर में पांच लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए स्वीकृति शामिल है।

ग्रामीणों की शिकायत पर 1 माह बाद भी समस्याओं का नहीं हुआ समाधान

कुसुमकसा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार समाधान तुँहर दुआर के तहत ग्राम पंचायत कुसुमकसा में आयोजित विशेष शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्या का निदान हेतु विभिन्न विभागों में आवेदन दिए किंतु शिविर में दिए गए राजस्व विभाग के कुछ आवेदनों का एक माह बाद भी निराकरण नहीं हो पाया है ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत कुसुमकसा में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग में फौती उठाने के लिए समस्त दस्तावेजो के साथ आवेदन दिए थे कि हमारी समस्याओं का समाधान आज ही हो जायेगा क्योकि शिविर का नाम ही समाधान तुँहर दुआर था किंतु आज पर्यंत समस्या जस की तस है ,ग्रामीणों ने उक्त शिविर को पूर्व शासनकाल में हुए ग्राम सुराज अभियान से तुलना कर रहे है कि शिविर कार्यक्रम का नाम बदलकर समाधान तुँहर दुआर का अमलीजामा पहना दिया गया है ,कार्यप्रणाली ग्रामसुराज जैसे ही प्रतीत हो रही है ,आवेदन तो लिया जा रहा है किंतु आवेदन के एक माह बाद भी उन आवेदनों का निराकरण नही हो पा रहा है ,शिविर स्थल में पंद्रह दिन में फौती उठाने की जानकारी दी गयी थी जिसके बाद कृषक पंचायत व पटवारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे है वही शिविर स्थल पर कृषकों को सही जानकारी मिल जाती तो उनको भटकना नही पड़ता, कृषकों ने बताया कि कृषि भूमि के दस्तावेजों में परिवार के मुखिया के मृत्यु हो जाने पर ,मुखिया के मृत्यु प्रमाणपत्र के साथ उसका नाम कटवाने व मुखिया के वारिसान का नाम जुड़वाने पटवारी हल्का के पटवारी को दिया जाता है ,मृतक मुखिया का नाम हटना व वारिसानो का नाम कृषि भूमि के रिकार्ड व ऋण पुस्तिका में जुड़ना को ही फौती उठाना कहते है। कृषि भूमि के दस्तावेजों में फौती उठने पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा में नवीन सदस्यता फार्म भरना पड़ेगा जिसके बाद के वाय सी करवाना पड़ेगा तब जाकर कृषि कार्य करने खाद बीज व नगद राशि ऋण मिल पायेगा मिली जानकारी के अनुसार कुसुमकसा में आयोजित शिविर में तीन आवेदन फौती उठाने के लिए आया था किंतु आज तक उन कृषकों की समस्या का समाधान नही हो पाया है

योगेंद्र श्रीवास अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी ने बताया कि अविवादित फौती उठाने के लिए आवेदन जमा होने के 22 दिन तक दावा -आपत्ति का इश्तहार अवधि रहती है 23वे दिन पेशी होने के बाद अविवादित फौती पटवारी द्वारा उठाया जाता है, कुसुमकसा शिविर में मिले आवेदनों को दिखाने की बात कही।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। समर्थन - सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट एम राइट परियोजना के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला दिवस कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्वामी विवेकानंद भवन कवर्धा में आयोजित किया गया ! जिसमें पुलिस विभाग, नगर पालिका, पैरालीगल वालेंटियर्स, किसान कल्याण संघ, सक्रिय महिला, स्वयं सहायता समूह, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्रामीण, शिक्षिका, स्वयं सेवी संस्था, स्लम क्षेत्र की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया ! पल्लवी महोबिया महिला प्रधान आरक्षक महिला सेल के द्वारा महिला हेल्पलाइन 1091, घरेलू हिंसा, अभिव्यक्ति एप के संबंध में जानकारी दिया गया। संतोषी जायसवाल ने कहाँ वैसे तो महिलाएं किसी भी दिन छुट्टी नहीं लेती कभी घर, तो आफिस वह 24 घंटे अपने परिवार और खुद से जुड़े लोगों के लिए तैयार खड़ी रहती हैं। इसलिए हर दिन महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में सुखबाई खांडे मिशन प्रबंधक नगर पालिका के द्वारा महिला दिवस पर कहाँ गया कि वर्तमान में आगे बढ़ रही हैं सामाजिक, राजनीतिक रुप समाज की सेवा कर रहे ! शासन के द्वारा महिलाओं के योजना के बारे में जानकारी दिया गया । के द्वारा ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण हो रहा उनके बारे में जानकारी दिया गया । श्रीमती गंगा देवी ठाकुर के द्वारा कोविंड 19 वैश्विक महामारी के दौरान तालाबंदी, रहन सहन के बारे में लोगों के बीच बातें रखें । दौलत राम कश्यप अध्यक्ष आस्था समिति के द्वारा महिला सशक्तिकरण, आजीविका, अधिकार के बारे में जानकारी दिया गया ! उन्होंने कहा कि महिलाओं को मंच मिलना हमारे देश के लिए गर्व की बात है महिला दिवस की बधाई दिया गया । उमाशंकर कश्यप के द्वारा किये जा कार्य एवं कोविंड अनुरूप व्यवहार पालन के संबंध में लोगों को जन - जागरूक किया गया । कार्यक्रम में महिलाओं को अलग-अलग खेल आयोजित किया गया जिसमें - कुर्सी दौड़, रंगोली, गुपचुप खाना, रस्सा खिंचने वाला, बोलो बहन कितने, गीत एवं भाषण प्रतियोगिता रखा गया ।

बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में अतिथि, खेल में विजेता, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए हुए को समर्थन टीम के द्वारा सम्मानित किया गया। समर्थन टीम उमाशंकर कश्यप जिला समन्वयक, कलस्टर समन्वयक लोकचंद साहू, रमेश सिन्हा, स्वयं सहायता समूह, स्लम क्षेत्र महिला का विशेष सहयोग रहा!

हाथ से हाथ जोड़ो पंचायत स्तरीय पदयात्रा का बांसा से शुरुआत

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव गुलजेब अहमद, प्रदेश सचिव एवं बेमेतरा विधानसभा प्रभारी सत्यप्रकाश मिश्रा के दिशा निर्देश पर विधानसभा अध्यक्ष शुभम वर्मा की उपस्थिति में विधानसभा उपाध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व पर बांसा पंचायत में हाथ से हाथ जोड़ो पंचायत स्तरीय पद यात्रा की शुरुआत की गई। जिसमे पंचायत क्षेत्र के लोगों को राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को बता कर जागरूक किया गया। पंचायत पद यात्रा में मुख्य रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति पूजा टिकरिहा, बांसा जनपद सदस्य श्रीमती कौशल्या, एआईसीसी समन्वयक दीपक खत्री, एनअसयूआई जिलाध्यक्ष मोनाल सिन्हा, सरपंच गायकवाड और अनेक युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता व युवा मितान क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थे।प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश मिश्रा ने बताया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सुरुआत राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के आधार पर संचालित किया जा रहा हैं, जिसमें लोगों की समस्याओं का जन प्रतिनिधियों के द्वारा उचित माध्यम से निराकरण किया जा सकें, साथ ही आगे जैसा भी आदेश शीर्ष नेतृत्व के माध्यम से मिलेगा उसका पालन किया जावेगा। हमारा उद्देश्य पंचायत और वार्ड के लोगों तक पहुँच कर उनकी समस्याओं को खत्म करना और प्रदेश के मुख्यमंत्री की लाभकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना हैं।

डीएलसीसी की बैठक 21 को

धमतरी/नवप्रदेश। जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलसीसी) की बैठक आगामी 21 मार्च को आहूत की गई है। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी की अध्यक्षता में यह बैठक दोपहर साढ़े तीन बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में ऑनलाइन वित्तीय साक्षरता की प्रगति, किसान क्रेडिट कार्ड और किसानों की आय दुगनी पर चर्चा की जाएगी। इसी तरह सभी शासकीय योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि, मुद्रा, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्टेंडअप इंडिया, शिक्षा ऋण, अंत्योदय/आदिवासी स्वरोजगार योजना और एनयूएलएम तथा एनआरएलएम की शाखावार लक्ष्य आबंटन और लक्ष्य प्राप्ति इत्यादि की समीक्षा की जाएगी। बैंक शाखा प्रबंधक और विभाग प्रमुखों को अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

शेड निर्माण के लिए 10 लाख स्वीकृत

धमतरी/नवप्रदेश। लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के सांसद चुन्नीलाल साहू की अनुशंसा पर धमतरी के ग्राम शंकरदाह और कुरूद के ग्राम खर्रा में शेड बनाया जाएगा। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने इसके लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत दस लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

छत्तीसगढ़ अल्ट्राटेक लाइमस्टोन खदान को मिली भारतीय खान ब्यूरो

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की अग्रणी सीमेंट व आरएमसी कम्पनी, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की तेरह खदानों (माइंस) को भारतीय खान ब्यूरो (इंडियन माइंस ब्यूरो) द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई। यह रेटिंग भारतीय खान ब्यूरो की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 1 मार्च को जारी की गई हैं। इस प्रतिष्ठित रेटिंग को प्राप्त करने वाली 13 खानों में से एक रावण झीपन लाइमस्टोन माइन है जो कि छत्तीसगढ़ के बालौदा बाज़ार जिले में स्थित है। उल्लेखनीय है कि सम्पूर्ण भारत में यह किसी भी सेक्टर में, किसी कम्पनी को सबसे अधिक संख्या में प्राप्त होने वाली रेटिंग (कुल 13 माइंस के संदर्भ में) है। यह रेटिंग खानों को उनके द्वारा किये गए सर्वोत्तम प्रदर्शन के आधार पर प्रदान की गई है। रेटिंग के लिए माइंस का वैज्ञानिक, सक्षम व सस्टेनेबल माइनिंग, स्वीकृत उत्पादन के अनुसार कार्य, भूमि, पुनर्वास व अन्य सामाजिक प्रभावों जैसे पैमानों पर आंकलन किया गया था, जिसमें अल्ट्राटेक माइंस ने शानदार प्रदर्शन किया। रेटिंग प्रदान करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय, कोयला व खान विभाग, प्रह्लाद जोशी द्वारा माइनिंग से जुड़े सभी आयामों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने व भारत के माइनिंग सेक्टर में बहुमूल्य योगदान देने के लिए अल्ट्राटेक को सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में विवेक भारद्वाज, केंद्रीय सचिव, खान मंत्रालय ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। माइनिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता पूर्ण कार्य करने के अल्ट्राटेक के प्रयास, भारतीय खान ब्यूरो के सस्टेनेबल माइनिंग, कुशल संचालन तथा तकनीक संचालित मिनरल प्रोसेसिंग के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किये जा रहे हैं। खान मंत्रालय द्वारा संकल्पित यह स्टार रेटिंग, माइनिंग (खनन) के क्षेत्र में सस्टेनेबल डेवलपमेंट फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के लिए की जाने वाली सर्वोत्तम प्रक्रिया को अपनाने के विचार पर आधारित है।

सतीश अग्रवाल फैंस क्लब ने किया होली मिलन समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। इटंक फ़ेडरेशन एवं सतीश अग्रवाल फैंस क्लब के तत्वावधान में सिमगा नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामीनाथ जयसवाल (राष्ट्रीय अध्यक्ष मजदूर कांग्रेस), सतीश अग्रवाल (सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन) ने ढोल नगाड़े के धुन में नाचते गातें बड़े हर्षोल्लास से होली मिलन में शामिल हुए।

होली मिलन के इस रंगा रंग कार्यक्रम में पूर्व विधायक चैतराम साहू, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, सोसायटी अध्यक्ष कुबेर यदु, के. के. नायक (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा), अश्वनी मिश्रा (राष्ट्रीय प्रवक्ता मजदूर कांग्रेस) पार्वती साहू (राष्ट्रीय सचिव मजदूर कांग्रेस), अभिनव टोप्पो (प्रदेश अध्यक्ष यूथ मजदूर कांग्रेस), पप्पू अली (प्रदेश संयोजक मजदूर कांग्रेस), हिरेंद्र कोसले (प्रभारी महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिंमगा), मनीष पंजवानी (नगर पालिका परिषद भाटापारा एल्डरमैन), पवन यदु (सचिव जिला कांग्रेस कमेटी ब), हरीश लहरे अमित मार्कण्डेय, केदार मिश्रा सहित काफी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे।इस अवसर पर सतीश अग्रवाल ने भूपेश सरकार के नए बजट में लिए गए जन हितैषी फैसलों के बारे में जनता से चर्चा की तथा होली की बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्राम के नव युवकों में आपसी भाईचारा एवं एकता बना रहता है।

फिंगेश्वर राज देवांगन समाज के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए रोशन

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। फिंगेश्वर राज देवांगन समाज का वार्षिक महाधिवेशन 12.03.2023 दिन रविवार को ग्राम - सेंदर (फिंगेश्वर) जिला गरियाबंद में माहअधिवेशन सम्पन्न हुवा! इस कार्यक्रम प्रथम सत्र के मुख्यअतिथि फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू एवं पूर्व जनपद सदस्य मनीष कुंजाम जी के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन हुवा! साहू ने कही की देवांगन समाज बहुत ही सज्जन सीधे साधे मेहनती कर्मठ और ईमानदार हुवा करते है एवं पूरा देवांगन समाज अधिकतर देवांगन कपड़े के व्यापार करते है एवं इनके पूर्वज कपड़े बुनने के कार्य किया करते है आज समय के साथ परिवर्तन करते चले अपने व्यापार को एवम मनीष कुंजाम जी ने अपने उदबोधन में कहे कि पहले देवांगन समाज बहुत ही पिछड़े अशिकच्छित हुवा करते थे मगर आज देवांगन समाज के लोग बहुत ही पढ़े लिखे शिकच्छित एवम बड़े बड़े पदों पे चाहे नौकरियां हो राजनीति हो या व्यापार सभी पे आगे है! सोभायमान है साथ कार्यक्रम पे जगन्नाथ साहू भी मंचासीन थे।

कलेक्टर ने अफसरों की ली बैठक, विभागीय कामकाज की समीक्षा

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। संयुक्त जिला कार्यालय के दिशा-सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, जर्जर सड़कों की स्थिति एवं नये सड़कों की जानकारी सहित निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी, जिले में पेयजल आपूर्ति, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4, विद्यार्थियों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र का विवरण, राजस्व अभिलेख के ऑनलाइन संधारण, बंदोबस्त, खरीफ विपणन वर्ष में उपार्जित धान उठाव, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषण के संबंध में, अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने के संबंध में जानकारी ली और निर्माण कार्यो को तेजी से करने के निर्देश दिए।

जिलाधीश ने बैठक में अधिकार पट्टा वितरण के संबंध में, लोक सेवा गारंटी, नजूल व्यस्थापन आबंटन, भूमिहिन कृषक न्याय योजना के प्रगति के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं समय पर कार्य पूर्ण करने एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से हाट बाजार क्लीनिक योजना की जानकारी लेते हुए, हमर लैब के तहत सभी तरह की जांच सुविधा उपलब्ध करने, समयानुसार मितानिनों का मानदेय भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सीएसी एवं पीएससी में आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जाये और पखवाड़ा में पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाएं।

कलेक्टर ने सुपोषण अभियान एवं जिले में क्रियाशील गोठान, औद्योगिक निर्माण, चारागाह निर्माण, बाड़ी विकास, गोठानो में मल्टीएक्टीविटी सेन्टर और राईस मिल वितरण के संबंध में जानकारी ली। राजीव गांधी किसान न्याय योजना और वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन कर योजना से लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था रखने एवं दवाई वितरण केन्द्र में पर्याप्त दवाइयों के स्टाक और वैरायटी की उचित व्यवस्था करने को कहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग से जिले में पोषण दर, आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट और सखी वन स्टाप सेंटर में स्टाफकी उपलब्धता की भी समीक्षा की। खाद्य विभाग के अधिकारी को धान उपार्जन केन्द्रों से उपार्जित धान को शीघ्र ही उठाव करने के निर्देश। उन्होने हैंडपम्प की जानकारी ली और ग्राम पंचायत व नगरीय निकाय में पाइप लाइन की समीक्षा की तथा ग्राम पंचायतों में लगे सोलर पम्प की भी जानकारी ली और बिगड़े हुए पम्पों को संधारित करने के निर्देश दिए।

पंचायत पदाधिकारियों/पूर्व पदाधिकारियों के द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता के कारण राशि वसूली की जानकारी, महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत संपादित कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पाई गई वित्तीय अनियमित्ता में राशि वसूली की कार्यवाही के संबंध में, सड़क निर्माण की राशि भुगतान के संबंध में, अमृत सरोवर के अंतर्गत प्रगति के संबंध में, मनरेगा के अंतर्गत मुर्गी शेड निर्माड राशि भुगतान करने, सामुदायिक भवन बैजलपुर विकासखण्ड बेमेतरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालन हेतु भवन प्रदाय करने, ग्राम पंचायत बुधवारा के आश्रित ग्राम बासिन में मनरेगा योजना से मुरूम रोड निर्माण की स्वीकृति, व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के निर्माण की प्रोत्साहन राशि के भुगतान के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य योजनाओं/मदों के अभिसरण से वर्ष 2023- 24 हेतु कार्य योजना उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी ली।

न्यूज गैलरी

70 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 17 को

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में प्रातः 11:00 बजे से 2:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक बॉम्बे इंटेलिजेंस सिक्युरिटी लिमिटेड रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 70 पद के लिए 10वीं पास आवेदकों की भर्ती 10500-15000 मासिक वेतन पर की जाएगी। इन पदों पर भर्ती के लिए योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि पर शैक्षणिक योग्यता की छायाप्रति के साथ उपस्थित रहें।

खड़ी खाली ट्रक में लगी आग

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री परियोजना कोयला खदान के पार्किंग में खड़ी खाली ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगाने से पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया है। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि ट्रक कोयला लोडिंग के लिए खड़ी थी। वहीं ड्राइवर मौके से फरार है। हालांकि की ट्रक में आग लगाने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन इससे कोई जनहानि नहीं हुई है।

परीक्षा देने जा रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में एक सड़क हादसे में छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई. बताया जा रहा है कि छात्रा स्कूटी पर सवार होकर 12वीं की परीक्षा देने परीक्षा केंद्र जा रही थी. इसी दौरान शहर के उर्दना चौक के पास ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, उर्दना चौक के पास ट्रक ने स्कूटी को रौंद दिया. इस हादसे में स्कूटी सवार छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई. घटनास्थल पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई है और जांच में जुटी हुई है. छात्रा 12वीं की परीक्षा देने जा रही थी तभी यह हादसा हो गई. मृतिका का नाम कान्ता बताया जा रहा है।

नक्सलियों ने ट्रैक्टर सहित तीन वाहनों में लगाई आग

बीजापुर/नवप्रदेश। एक बार फिर से नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। बीजापुर में मंगलवार दोपहर नक्सलियों ने ट्रैक्टर सहित तीन वाहनों में आग लगा दी। यह वाहन रेत भरने के काम में लगे हुए थे। वारदात के दौरान वाहनों के चालक और मजूदरों ने भागकर किसी तरह से अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर जवानों को मौके पर भेजा गया है। उनके लौटने के बाद ज्यादा जानकारी मिल सकेगी। मामला नैमेड थाना क्षेत्र का है। मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे कोड़ेपाल में दो टिप्पर और एक ट्रेक्टर रेत भरने के लिए गए थे। मजदूर रेत को गाड़ियों में लोड कर रहे थे। इसी दौरान वहां हथियारबंद नक्सली पहुंच गए। उन्होंने वाहनों के डीजल टैंक तोड़कर उसमें आग लगा दी। साथ ही मजदूरों को धमकी भी दी। इसके बाद चालक और मजदूर वहां से अपनी जान बचाकर भाग निकले। एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्णा ने बताया कि कोड़ेपाल कैंप से करीब दो किमी दूर रेत गाड़ियों को जलाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल के लिए टीम को रवाना किया गया है। टीम के लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

शासकीय कार्य में लापरवाही, बाबू निलंबित

बीजापुर/नवप्रदेश। शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर डीईओ ने बाबू को निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, चन्द्रशेखर गुरला सहायक ग्रेड - 03 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामेड़, विकासखण्ड उसूर के द्वारा अपने कर्तव्य के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण छग सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील)1966 के नियम 9(1) एवं (2) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में चन्द्रशेखर का मुख्यालय कार्यालय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीजापुर निर्धारित किया गया है। संबंधित को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। जानकारी के मुताबिक जाति प्रमाण पत्रों को अपलोड करने की जिम्मेदारी दी गयी, जिसमें लापरवाही बरती गई, इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी उसूर व शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी किया था जवाब नहीं मिला, जिसके कारण उसे निलंबित कर दिया गया।

नर कंकाल मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के भैसामुड़ा ग्राम स्थित एक खेत में नर कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर नर कंकाल को अपने कब्जे में लिया गया। वहीं नर कंकाल के पास मिले कपड़े से पहचान करने की कोशिश की जा रहे है। पुलिस आसपास के थानों में गुम इंसान कायमी में रही है। फिलहाल पुलिस आगे की कर रही जांच कर रही है।

छग में गरज चमक के साथ हल्की बारिश के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मौसम विभाग केमौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने के साथ ही गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. इस दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा लेकिन अधिकतम तापमान में वृद्धि का ट्रेंड बने रह सकता है. बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाएं आ सकती है. जिसकी वजह से प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है. राजधानी में मंगलवार की सुबह से हल्के बादल भी छाए हुए हैं. रायपुर के आसपास के जिलों में भी हल्की बारिश हो सकती है।

सीएम ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को किया 7.4 करोड़ का भुगतान

■ बजट में किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों सहित सभी वर्गों के हितों का रखा गया ध्यान : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 7 करोड़ 4 लाख रूपए की राशि का ऑनलाइन भुगतान किया, जिसमें 16 से 28 फरवरी तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.13 लाख क्विंटल गोबर के एवज में 4 करोड़ 25 लाख रूपए, गौठान समितियों को 1.65 करोड़ रूपए और महिला समूहों को 1.14 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हर महीने की 5 से 15 तारीख किसानों के लिए खास होती है। क्योंकि इस दिन उन्हें गोधन न्याय योजना की राशि प्रदान की जाती है। यह खुशी की बात है कि बड़ी संख्या में गौठान स्वावलंबी हो रहे हैं। स्वावलंबी गौठानों को प्रोत्साहित करने के लिए गौठानों की संचालन समिति के अध्यक्ष और सदस्य को मानदेय प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने अन्य गौठानों को भी स्वावलंबी होने का आग्रह किया। श्री बघेल ने कहा कि यह खुशी की बात है कि अब गोबर से अन्य उत्पादों के बनाने के अलावा बिजली बनाने का काम शुरू हो गया है। बस्तर के डोमरपाल में गोबर से बिजली बनाने के संयंत्र को ग्रिड से सिंक्रोनाईज किया जा चुका है। इससे बनने वाली बिजली की दर 9 रूपए प्रति यूनिट तय कर दी गई है।

गौठान निभा रहे अपनी सहभागिता

गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी में स्वावलंबी गौठान न सिर्फअपनी सहभागिता निभा रहे हैं बल्कि निरंतर बढ़त बनाए हुए हैं। बीते कई पखवाड़ों से गोबर खरीदी के एवज में भुगतान की जा रही राशि में स्वावलंबी गौठानों की हिस्सेदारी 60 से 70 प्रतिशत तक रहने लगी है। आज की स्थिति में 50 फीसदी से अधिक गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की राशि से गोबर एवं गौमूत्र की खरीदी के साथ-साथ गौठान की अन्य गतिविधियों को स्वयं की राशि से पूरा कर रहे हैं। 16 फरवरी से 28 फरवरी तक गौठानों में कुल 2.13 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी हुई है, जिसके एवज में गोबर विक्रेताओं को अंतरित की जाने वाली 4.25 करोड़ रूपए की राशि में से 1.92 करोड़ की राशि कृषि विभाग द्वारा तथा 2.33 करोड़ रूपए का भुगतान स्वावलंबी गौठानों द्वारा किया जाएगा। स्वावलंबी गौठानों द्वारा गोबर खरीदी के एवज में अब तक 45.52 करोड़ रूपए का भुगतान स्वयं की राशि से किया गया है।

अब तक 419 करोड़ का भुगतान

गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में हितग्राहियों को आज भुगतान की गई राशि को मिलाकर अब तक 419 करोड़ 25 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में 20 जुलाई 2020 से गोधन न्याय योजना के तहत 2 रूपए किलो में गोबर की खरीदी की जा रही है। राज्य में 28 फरवरी 2023 तक गौठानों में 107.75 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। गोबर विक्रेताओं से क्रय किए गए गोबर के एवज में 215 करोड़ 50 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 185 करोड़ 77 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

एनएमडीसी ने मिलेट का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष मनाया

हैदराबाद/नवप्रदेश। मिलेट को लोकप्रिय बनाने में सबसे आगे एनएमडीसी ने हैदराबाद में बिजनेस महिला एक्सपो 2023 में सुपरफूड का वितरण किया। मिलेट के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष की पृष्ठभूमि में, एनएमडीसी ने महिला उद्यमियों को मिलेट व्यवसाय बनाने और देश की खाद्य सुरक्षा में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। कंपनी की ओर से, के प्रवीण कुमार, अधिशासी निदेशक (कार्मिक और विधि) तथा के. मोहन, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) ने मिलेट वितरित किया और प्रतिभागियों के साथ स्वस्थ भविष्य के लिए इसके लाभों पर बातचीत की। संयुक्त राष्ट्र ने भारत सरकार की सलाह पर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया। मिलेट की खपत बढ़ाने के अपने प्रयास में, एनएमडीसी ने हाल ही में आईआईएमआर से मान्यता प्राप्त हैदराबाद के अहोबिलम फूड्स को स्मार्ट फूड के रूप में मिलेट पर एक सत्र आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया। सत्र के बाद मिलेट लंच का आयोजन किया गया। सीपीएसई जागरूकता पैदा करने के लिए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हितधारकों के साथ भी जुड़ रहा है और सार्वजनिक महत्व के प्लेटफॉर्म पर मिलेट वितरण कर रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एनएमडीसी ने मिलेट अर्थव्यवस्था का सहयोग करने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया। एनएमडीसी देश के दूरस्थ क्षेत्रों में अपना प्रचालन करता है। कंपनी ने हमारे देश के कुछ अति दूरस्थ क्षेत्रों में महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया है। एनएमडीसी की प्रमुख सीएसआर पहल - बालिका शिक्षा योजना ने अपनी सेवा का एक दशक पूरा कर लिया है और लगभग 500 आदिवासी लड़कियों को स्वास्थ्य सेवा पेशेवर बनने की इस कार्य में सर्वोच्च योगदान दिया है। प्रोजेक्ट उमंग और महरार-चो-मान के साथ, सीपीएसई वंचित समाजों में मासिक धर्म स्वच्छता के लिए अभियान चला रहा है। एनएमडीसी की ब्रांड एंबेसडर - वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियन निखत ज़रीन भी महिला सशक्तीकरण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती हैं। महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यावसायिक उद्यम भारत के लिए स्थायी अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत की प्रमुख खनन कंपनी में उनके योगदान को प्रोत्साहित करते हुए एनएमडीसी ने अपनी महिला कर्मचारियों के लिए सिद्दीपेट में द हिडन कैसल में भ्रमण का आयोजन किया।

279 करोड़ बिजली बिल बकाया कनेक्शन कटे तो मचा हड़कंप

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा सर्किल के बिजली बिल की बकाया राशि करीब 279 करोड़ रुपए है। इसे कम करने बिजली वितरण कंपनी का मैदानी अमला जांच के बाद कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई में जुटी हुई है। इससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। इधर बकायादारों के काटी गई बिजली लाइन को उपभोक्ताओं के बिना राशि जमा किए फिर से जोड़ने पर कार्रवाई भी कर रही है। मैदानी अमले की हिदायत को नजरअंदाज करना इन पर भारी पड़ा है। वित्तीय साल की समाप्ति को अब पखवाड़े भर का समय ही शेष रह गया है। ऐसे में बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने वितरण कंपनी शहर व ग्रामीण में मास डिस्कनेक्शन अभियान तेज कर दिया है। मेंटेनेंस में जुटे कर्मचारियों को भी इसमें लगाया है। पिछले वित्तीय साल की समाप्ति तक बिजली बिल का बकाया 245 करोड़ रुपए के करीब था। इस लक्ष्य तक पहुंचने मैदानी अमला जुटा हुआ है। इसके लिए समय-समय पर बिलासपुर वृत्त से पहुंचे अधिकारी सर्किल के अफसरों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश भी दे चुके हैं। बिजली वितरण कंपनी ग्रामीण में रोजाना औसतन 92 बकायादारों की बिजली काटी जा रही है। इधर सरकारी विभागों को बिजली बिल की बकाया राशि जमा करने वितरण कंपनी ने 15 मार्च तक मोहलत दी है। इसके लिए नोटिस भी थमाया है। बिजली बिल जमा नहीं करने पर डिस्कनेक्शन के कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। शासकीय विभागों का बकाया 50 करोड़ रुपए के करीब पहुंच गया है। बिजली वितरण विभाग के अधीक्षण यंत्री पीएल सिदार ने बताया कि 15 मार्च के बाद बकाया राशि जमा नहीं करने वाले शासकीय दफ्तरों के बिजली लाइन काटे जाने की कार्रवाई की जाएगी।

चावल वितरण में खेला : हर 50 किलो के बोरे में 5-10 किलो का झोल

कोरबा/नवप्रदेश। सरकारी राशन दुकानों में गरीबों को मिलने वाले चावल में बड़ी मात्रा में की जा रही हेराफेरी की शिकायत मिली है. जिसके बाद बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार ने जांच के आदेश दिए हैं. जिसको लेकर कलेक्टर ने तीन सदस्य दल भी बनाया है. खाद्य विभाग नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक और अपर कलेक्टर की अगुवाई में यह जांच समिति जांच करेगी। दरअसल, हाल ही में बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के दौरे पर थे. वहां उन्होंने पीडीएस दुकानों का जायजा भी लिया. इस मौके पर राशन दुकान संचालन करने वाली महिला समूह ने कलेक्टर को चावल बोरे में चावल की मात्रा कम होने की शिकायत की। राशन दुकान संचालकों ने कलेक्टर को बताया कि, वेयरहाउस से राशन दुकानों में चावल पहुंचता है. एक बोरी में चावल 50 किलो होना चाहिए पर चावल की बोरी में तौल के दौरान मात्रा कम निकलती है. प्रति बोरे में 5 से 10 किलो चावल की कमी की शिकायत दुकानदारों ने कलेक्टर से की है. शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए चावल में गड़बड़ी को लेकर जांच करने के आदेश कलेक्टर ने दिए हैं. इसको लेकर कलेक्टर ने तीन सदस्य दल भी बनाया है. खाद्य विभाग नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक और अपर कलेक्टर की अगुवाई में यह जांच समिति जांच करेगी।

दो बाइक में टक्कर, 1 की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को एक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक युवक की मौत, जबकि 4 लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि 2 बाइक में आमन-.सामने टक्कर हो गई। जिसके चलते युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसा दर्री थाना क्षेत्र में हुआ है। एनटीपीसी प्लांट में ठेका कर्मी के रूप में काम करने वाला हरि सिंह 28 अपने एक साथी के साथ प्लांट से काम खत्म करके देर रात वापस लौट रहा था। दोनों बाइक से अभी दर्री के राजीव नगर के पास पहुंचे थे। तभी यह हादसा हो गया है। बताया गया कि दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई थी। जिससे हरि सिंह गंभीर रूप से घायल हुआ था। वहीं 4 और लोग को भी हल्की चोटें आई थीं। जिसके बाद हरि को अस्पताल ले जाया गया।

भरे बाजार मचा हंगामा : दो युवतियों के बीच जमकर चले लात-घूंसे

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई के सुपेला थाना क्षेत्र में दो युवतियों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस विवाद में दोनों युवतियों ने अपनी अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। लोगों ने बीच बचाव के बजाय इस घटना का वीडियो बनाया और वायरल किया। घटना की जानकारी मिलते ही सुपेला पुलिस घटना स्थल पहुंची और मामले को शांत कराया। जानकारी के अनुसार भिलाई के लक्ष्मी मार्केट में पैसे के लेन देने को लेकर दो युवतियों के बीच वाद विवाद चल रहा था। कुछ समय बाद दोनों युवतियां एक- दूसरे को मारपीट करने लगी। इस दौरान दोनों युवतियां एक-दूसरे पर मिर्ची रंगड़ते वीडियो में नजर आ रही है।

प्रेशर कुकर फटने से 3 स्कूली बच्चे जख्मी, बच्चे बना रहे थे मध्यान्ह भोजन

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लॉक में स्थित प्राथमिक स्कूल के 3 बच्चे प्रेशर कुकर फटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि रसोइयों की हड़ताल के चलते तीनों बच्चे मध्याहन भोजन बना रहे थे। इस दौरान प्रेशर कुकर फटने से हादसा हुआ। बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार जिलेभर के शासकीय स्कूलों में मध्याहन भोजन पकाने वाले रसोइए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिसकी वजह से स्कूलों में मध्याहन भोजन बनाने में समस्या सामने आ रही है। कांसाबेल ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला जामटोली में शिक्षकों के द्वारा बच्चों से मध्याहन भोजन बनवाया जा रहा था। इस दौरान दोपहर में अचानक कुकर फट जाने से खाना बना रहे तीन बच्चे बुरी तरह झुलस गए। घटना दोपहर 1 बजे की है। बताया जाता है कि मध्याहन भोजन बनाने के दौरान एक बच्चे ने कुकर की

सीटी निकाल दी थी जिससे प्रेशर के चलते कुकर फट गया। हादसे में एक बच्चे का पैर तो वही दो बच्चों का चेहरा झुलस गया। बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल में ले जाकर भर्ती करवाया गया है। घायल बच्चों के नाम आकाश सिदार पिता पनसाय सिदार, स्वाति सिदार पिता लालू प्रसाद सिदार, राखी धुर्वे पिता सेवक राम धुर्वे है। घायलों का हाल जानने के लिए बीईओ संजीव सिंह अस्पताल पहुंचे फिर उन्होंने स्कूल पहुंचकर प्रधान पाठक का बयान लिया है। प्रधान पाठक में अपने बयान में बताया कि रसोइयों के हड़ताल के चलते स्कूल में मध्याहन भोजन बनाने वाले नहीं है। उन्होंने भोजन बनाने के लिए गांव की महिलाओं से संपर्क किया था पर महिलाएं महुआ बीनने गई थी। जिसके चलते उन्हें मध्याहन भोजन बनाने वाला नहीं मिला। प्रधान पाठक के बयान के अनुसार वह बच्चों से मध्याहन भोजन नहीं बनवा रहे थे बल्कि खुद ही मध्याहन भोजन बना रहे थे। जब वह क्लास में पढ़ाने के लिए गए तब दूसरी क्लास से निकलकर बच्चों ने कुकर की सीटी निकाल दी जिससे हादसा हो गया।